शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 143 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 18 जून 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# कंचनजंगा एक्सप्रेस और मालगाड़ी की टक्कर में 9 की मौत

## 41 लोग घायल, प्रधानमंत्री और रेल मंत्रालय ने मुआवजा किया घोषित, रेल मंत्री ने घायलों से की मुलाकात





**नई दिल्ली**
पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के पास सियालदह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस और मालगाड़ी के बीच सोमवार को हुई टक्कर में दो रेल कर्मियों सहित नौ लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मालगाड़ी के लोको पायलट और कंचनजंगा एक्सप्रेस के ट्रेन मैनेजर (गार्ड) भी शामिल हैं। इस हादसे में कुल 41 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 9 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सोमवार शाम को दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने समीप के अस्पताल में इलाज करा रहे घायलों से भी मुलाकात की। वैष्णव ने कहा कि रेलवे सुरक्षा आयोग घटना की पूरी जांच करेगा। बचाव अभियान समाप्त हो चुका है और अब रेलवे का ध्यान ट्रैक बहाली पर है, यह मुख्य लाइन है। हम इस दुर्घटना के पीछे के कारणों की पहचान करेंगे और भविष्य के लिए उचित निवारक उपाय करेंगे। रेलवे के अनुसार, यह टक्कर आज सुबह 8.55 बजे न्यू जलपाईगुड़ी से करीब 10 किलोमीटर दूर रंगापानी स्टेशन के पास हुई। घटना के चलते कंचनजंगा एक्सप्रेस के पीछे के चार कोच और मालगाड़ी के पांच कोच पटरी से उतर गए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेल दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि और घायलों को 50 हजार रुपये देने की घोषणा की। वहीं, भारतीय रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 2-2 लाख रुपये और सामान्य घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना और प्रार्थना व्यक्त की। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। रेलवे बोर्ड की चेयरमैन के मुताबिक, मालगाड़ी के लोको पायलट ने सिग्नल ओवरशूट किया। जिसके कारण वह कंजनजंगा एक्सप्रेस से टकरा गई। इस हादसे में गार्ड का डिब्बा, जनरल डिब्बा क्षतिग्रस्त हुआ है। आर्मी और आरपीएफ की टीमों ने रेस्क्यू का काम पूरा कर लिया है। रेल रूट के रेस्टोरेशन का काम शुरू हो चुका है। कौशिक मित्रा ने बताया कि कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन के आखिरी में दो पार्सल और एक एसएलआर कोच लगे हुए थे। इसमें कोई पैसेंजर नहीं था।




## सुबह से खराब था सिग्नल



**दार्जिलिंग**
रेलवे सूत्र के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया, 'ट्रेन नंबर 13174 (सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस) सुबह 8.27 बजे रंगपानी स्टेशन से रवाना हुई और सुबह 5.50 बजे ऑटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम खराब होने के कारण रानीपतरा रेलवे स्टेशन और छत्तरहाट जंक्शन के बीच रुक गई'। एक अन्य रेलवे अधिकारी के अनुसार, जब ऑटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम में खराबी आ जाती है, तो स्टेशन मास्टर टी-912 नाम से एक लिखित नोट जारी करता है, जो लोको पायलट (ट्रेन का ड्राइवर) को सिग्नलिंग सिस्टम काम नहीं करने की स्थिति में सभी रेड सिग्नल क्रॉस करने के लिए अधिकृत करता है। सूत्र ने कहा, 'रानीपतरा के स्टेशन मास्टर ने ट्रेन नंबर 1374 को टी-912 जारी किया था'।

## हादसे वाले रूट पर कवच सिस्टम नहीं था



**रेलवे बोर्ड की** अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने बताया कि हादसे वाले रूट पर कवच सिस्टम नहीं था। इस पर जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। रेलवे ने अब तक 1500 किलोमीटर रेलवे ट्रैक पर कवच सिस्टम एक्टिव है। इस साल के आखिरी तक इसे 3 हजार किलोमीटर तक ले जाया जाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घटना में जान गंवाने वाले लोगों को 10 लाख रुपए, गंभीर घायलों को 2.50 लाख रुपए और मामूली घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है। इसके अलावा हादसे में मारे गए लोगों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए मदद का ऐलान किया गया है। नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर रेलवे के सब्यसाची दे ने कहा- जिस ट्रैक पर हादसा हुआ है, उसे रात तक चालू कर दिया जाएगा। डाउन कंचनजंगा एक्सप्रेस भी रात में चलेगी।

## जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में एक आतंकी ढेर

**बांदीपोरा**
अरागाम के जंगलों में रविवार (16 जून) को फायरिंग की आवाज सुनाई दी। इसके बाद सेना और पुलिस ने सर्चिंग की। सोमवार सुबह तलाशी तेज की गई तो आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। मारे गए आतंकवादी का शव जंगल में पड़ा हुआ है। उसे ड्रोन से देखा गया। हालांकि, उसकी पहचान नहीं हो पाई है। इधर, 9 जून को रियासी में तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकी हमले की जांच एनआईए को सौंप दी गई है।

## तीन नए क्रिमिनल लॉ को रोक लगे: सांसद मनीष तिवारी

**नई दिल्ली**
कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल पर निशाना साधा। उन्होंने तर्क दिया कि यह कानून उस समय पारित किया गया जब रिकॉर्ड 146 विपक्षी सांसदों को संसद से निलंबित कर दिया गया था और यह संसद के 'सामूहिक विवेक' को प्रतिबिंबित नहीं करता है। तिवारी ने कानून मंत्री मेघवाल पर 'सच्चाई से कंजूसी' करने का आरोप लगाया और कहा कि तीनों कानूनों का क्रियान्वयन भारत की न्याय व्यवस्था में 'बाधा डालने के समान' होगा। कांग्रेस नेता



ने मांग की कि तीनों कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक लगाई जानी चाहिए, क्योंकि इनमें शामिल कुछ प्रावधान 'नागरिक स्वतंत्रता पर व्यापक हमला' हैं।

**कब बढ़ा विवाद**
केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री मेघवाल ने रविवार को कहा कि नए आपराधिक कानून 1 जुलाई 2024 से लागू होंगे। इससे पहले मेघवाल ने कहा था कि आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में बदलाव हो रहा है। उचित परामर्श प्रक्रिया का पालन करने और भारतीय विधि आयोग की रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए तीनों कानूनों में बदलाव किया गया है।
कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने आरोप लगाया कि केंद्रीय कानून मंत्री सच को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने इस बात पर जोर दिया कि तीन कानूनों का कार्यान्वयन करना भारत की कानूनी प्रणाली को चोट पहुंचाने के समान होगा।

## मणिपुर हिंसा पर शाह की हाईलेवल मीटिंग, जल्द हो सकता है बड़ा एक्शन

**नई दिल्ली**
**मणिपुर में सुरक्षा** स्थिति की समीक्षा के लिए सोमवार शाम को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ठऊअ के दोबारा सत्ता में आने के बाद केंद्र सरकार की यह पहली उच्च स्तरीय बैठक है।



**कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए**
बैठक के बाद गृह मंत्रालय ने बताया कि मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समग्र समीक्षा की और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि मणिपुर में हिंसा की कोई और घटना न हो। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर केंद्रीय बलों की तैनाती बढ़ाई जाएगी और राज्य में शांति और सौहार्द बहाल करने के लिए केंद्रीय बलों को रणनीतिक रूप से तैनात किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि हिंसा करने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।
बैठक में कौन-कौन हुआ शामिल
इस बैठक में केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, खुफिया ब्यूरो प्रमुख तपन डेका, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, सेना प्रमुख (पदनाम) लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, थ्री कोर के जीओसी एचएस साही, मणिपुर के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह, मणिपुर के मुख्य सचिव विनीत जोशी, मणिपुर के डीजीपी राजीव सिंह और असम राइफल्स के डीजी प्रदीप चंद्रन नायर शामिल हुए।
पिछले साल 3 मई से हो रही हिंसा
पिछले साल 3 मई से मणिपुर में दो समुदायों कुकी और मैतेई के बीच संघर्ष चल रहा है, जिसमें अब तक कम से कम 225 लोगों की जान जा चुकी है और लगभग 50,000 लोग बेघर हो गए हैं। बेघर लोग अभी भी राहत केंद्रों में शरण लेने पर मजबूर हो रहे है।

## कोलकाता पुलिस राजभवन तुरंत खाली करे: बंगाल गवर्नर



### गेट के पास बनी पुलिस चौकी को पब्लिक प्लेटफॉर्म बनाया जाएगा

**कोलकाता**
पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने सोमवार सुबह राजभवन में तैनात कोलकाता पुलिस के जवानों को तुरंत परिसर खाली करने का आदेश दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक गवर्नर बोस राजभवन के नॉर्थ गेट के पास पुलिस चौकी को जनमंच में बनाने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, पुलिस को हटाने का आदेश उस घटना से जोड़कर देखा जा रहा है, जिसमें राजभवन में तैनात पुलिस कर्मियों ने चुनाव हिंसा पीड़ितों को गवर्नर से मिलने से रोक दिया था। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, राज्यपाल का कहना है कि पुलिस उनके निदेशों का पालन नहीं कर रही है और वे उनके आस-पास सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। राजभवन में चुनाव हिंसा से पीड़ित 106 लोगों के साथ गवर्नर का इंतजार करते नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी।

**पुलिस ने चुनावी हिंसा पीड़ितों को गवर्नर से मिलने से रोका था:** दरअसल पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने कोलकाता पुलिस को लेटर लिखकर 19 जून को हिंसा पीड़ितों के साथ राजभवन के पास धरना देने की इजाजत मांगी थी। उन्होंने लिखा- अगर एक क्षेत्रीय पार्टी को राजनीतिक कार्यक्रम करने की इजाजत मिल सकती है तो भाजपा जैसी राष्ट्रीय पार्टी को भी यह इजाजत मिलनी चाहिए। 13 जून को पुलिस ने भाजपा लीडर और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी और चुनावों के बाद जारी हिंसा के पीड़ितों को राज भवन जाने से रोका था। पुलिस ने कारण दिया था कि राज भवन के आसपास सेक्शन 144 लागू है।

## थल और वायुसेना को मिलेंगे 156 प्रचंड अटैक हेलिकॉप्टर

**नई दिल्ली**
रक्षा मंत्रालय ने भारतीय थल सेना के लिए 90 और भारतीय वायुसेना के लिए 66 लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर प्रचंड की हिदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से मांग की है। इसे लेकर रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल भी जारी किया है। माना जा रहा है कि ये 156 प्रचंड हेलिकॉप्टर्स को चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर तैनात किया जाएगा। हमने पिछले साल आपको बताया था कि यह डील होने वाली है। दोनों सेनाओं को




भरपूर ताकत मिलेगी। इन दोनों ही सेनाओं के पास फिलहाल 15 हेलिकॉप्टर्स हैं। 10 वायुसेना के पास। पांच थल सेना के पास। इन हेलिकॉप्टरों को चीन और की सीमाओं के पास तैनात किया गया है। इसके अलावा जो नए हेलिकॉप्टर्स आएंगे, उन्हें भी चीन और पाकिस्तान की स्ट्रैटेजिक प्वाइंट्स पर तैनात किया जाएगा। वायुसेना ने इन हेलिकॉप्टर्स के साथ सेना का युद्धाभ्यास भी किया था। पाकिस्तान की सीमा के पास पहला स्क्वॉड्रन तैनात है। जिससे पाकिस्तान सीमा के आसपास निगरानी करना ज्यादा बेहतर हो गया है। साथ ही आतंकी और घुसपैठियों पर लगाम लगाने में मदद मिल रही है। प्रचंड हेलिकॉप्टर्स से कॉम्बैट सर्च एंड रेस्क्यू, डिस्ट्रक्शन ऑफ एनेमी एयर डिफेंस, काउंटर इनसर्जेंसी ऑपरेशन, रिमोटली पायलेटेड एयरक्राफ्ट को मार गिराने में आसानी होगी।

## पहली बार आदि कैलाश से होगा योग दिवस का आगाज

**देहरादून**
पहली बार आदि कैलाश से योग दिवस का आगाज किया जाएगा। पार्वती सरोवर के किनारे 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। आयुष विभाग योग दिवस कार्यक्रम के लिए तैयारियों में जुट गया है। पिथौरागढ़ जिले में स्थित आदि कैलाश अब पर्यटन के रूप में उभर रहा है। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदि कैलाश की यात्रा की थी। इसके बाद देश-दुनिया में आदि कैलाश की यात्रा के लिए पर्यटन और श्रद्धालुओं का रुझान बढ़ा। इसे देखते हुए प्रदेश सरकार ने पहली आर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को आदि कैलाश में मनाने का निर्णय लिया। पहले योग दिवस पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम हल्द्वानी में रखा गया था। अब इसे बदल कर आदि कैलाश में पार्वती सरोवर किनारे किया जाएगा।

## मोदी 3.0: गठबंधन के लगे ठप्पे ने सरकार में राजनाथ सिंह का रोल बढ़ा

**नई दिल्ली**
**लोकसभा** चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नई सरकार का गठन हो चुका है। कैबिनेट मंत्रियों ने शपथ ले ली है। मंत्रालयों का बंटवारा हो चुका है और नए मंत्रियों ने चार्ज भी संभाल लिया है। सरकार गठन के मोर्चे पर देखें तो सभी काम पूरे हो चुके हैं लेकिन अभी भी एक महत्वपूर्ण काम बाकी है और यह काम है- लोकसभा स्पीकर का चुनाव 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होने की संभावनाएं हैं और इस दौरान ही नए स्पीकर का चुनाव होना है। सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की अगुवाई कर रही भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) स्पीकर की कुर्सी अपने पास रखना चाहती है तो वहीं तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) भी यह पद चाह रही है। अब संकट ये है कि बीजेपी 16वीं और 17वीं लोकसभा की तरह ऐसी स्थिति में नहीं है कि



सीधे नाम का ऐलान कर दे कि ये अगले स्पीकर होंगे। बीजेपी ने 2014 और 2019 के चुनाव में जहां अकेले पूर्ण बहुमत के लिए जरूरी 272 के जादुई आंकड़े से अधिक सीटें जीती थीं। वहीं इस बार पार्टी 240 सीटें ही जीत सकी। बहुमत के आंकड़े से पीछे रहने की वजह से बीजेपी के लिए स्पीकर चुनने में भी सहयोगियों का साथ जरूरी हो गया है। दूसरी तरफ, बीजेपी की सहयोगी टीडीपी और जेडीयू को विपक्षी पार्टियां भी स्पीकर पोस्ट अपने पास रखने के लिए उकसा रही हैं। स्पीकर चुनाव से पहले अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एक्टिव हो गए हैं. संवाद के माहिर राजनाथ सिंह ने एनडीए के कुनबे को एकजुट रखने का जिम्मा संभाला और अपने आवास पर गठबंधन के नेताओं की बैठक बुला ली। राजनाथ के आवास पर हुई बैठक में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान, जेडीयू की ओर से ललन सिंह बैठक में मौजूद थे। विपक्ष ने ये भी साफ कर दिया है कि डिप्टी स्पीकर की पोस्ट नहीं मिली तो वे स्पीकर के लिए भी कैंडिडेट उतारेंगे. मोदी सरकार 3.0 के पहले संसद सत्र से पहले राजनाथ के एक्टिव होने को लेकर अब ये चर्चा भी शुरू हो गई है कि क्या नई सरकार में उनका कद बढ़ गया है? पिछली लोकसभा के कार्यकाल यानि मोदी सरकार 2.0 की बात करें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जहां नेता सदन थे तो उपनेता की जिम्मेदारी राजनाथ के ही पास थी. गृह मंत्री की हैसियत से सरकार में नंबर दो का ओहदा भले ही अमित शाह के पास था और इस बार भी है लेकिन शपथ के क्रम और लोकसभा में पीएम मोदी के बाद राजनाथ सिंह का ही नंबर था. हां, तब बीजेपी के पास सरकार चलाने के लिए जरूरी संख्याबल था. इस बार समीकरण 2014 और 2019 से अलग हैं। इस बार बीजेपी को सरकार चलाने के लिए सहयोगियों को भी साधे रखना होगा और ऐसी स्थिति में राजनाथ की भूमिका अहम हो जाती है।

**राजनाथ का रोल अहम क्यों?**
राजनाथ सिंह मोदी सरकार में अटल-आडवाणी युग की बीजेपी के चुनिंदा चेहरों में से एक हैं. राजनाथ, अटल बिहारी वाजपेयी की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार में भी बतौर मंत्री काम कर चुके हैं, दो बार बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। बहुमत से पीछे रहते हुए सहयोगियों के सहारे कार्यकाल पूरा करने वाली सरकार में मंत्री रहे राजनाथ मोदी सरकार में गठबंधन पॉलिटिक्स के सबसे अनुभवी चेहरों में से भी हैं। राजनाथ को उनकी मृदुभाषी, संवाद से समस्याएं सुलझाने वाले नेता की इमेज और बीजेपी से लेकर एनडीए की दूसरी पार्टियों में स्वीकार्यता भी अहम बनाती है।

# जसरा में विवाहिता ने दो मासूम संग ट्रेन के आगे कूद कर दी जान, तीनों की हुई मौत

अखंड भारत संदेश





**जसरा।** जसरा रेलवे स्टेशन पर एक विवाहिता अपने दो मासूम बच्चों संग ट्रेन के सामने कूद गई। ट्रेन के धक्के से तीनों दूर जा गिरे। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। सोमवार की दोपहर से एक विवाहिता अपने दो बच्चों के साथ जसरा रेलवे प्लेट फार्म पर बैठी थी। दोनों बच्चियां आपस में खेल रही थीं। इसी बीच लगभग 5:30 बजे प्रयागराज से मुंबई की ओर सारनाथ एक्सप्रेस आ रही थी। इतने में विवाहिता अपने दोनों बच्चों का हाथ पकड़ कर ट्रेन के आगे कूद गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई । पास में मिले मोबाइल के सिम से महिला की पहचान हुई। सूचना मिलते ही महिला का ससुर राम कैलाश यादव मौके पर पहुंच गया। इस बीच जसरा गांव के सैकड़ो लोगों की भीड़ भी मौके पर पहुंच गई। सूचना पर रेलवे की जीआरपी नैनी पुलिस के चौकी प्रभारी वीरेंद्र प्रताप सरोज व घूरपुर थाना प्रभारी केशव वर्मा भी पहुंच गए। महिला के ससुर राम कैलाश यादव ने बताया कि मृतक महिला उसकी बहू है। उसका नाम अंजना यादव है तथा महिला के पति का नाम अभिनेन्द्र उर्फ टुनटुन यादव निवासी चिल्ला गौहानी थाना लालापुर है। महिला का मायका चित्रकूट जनपद के मऊ, गुरदरी में है। ससुर ने बताया कि उसकी बहू लगभग 1:00 बजे घर से निकली थी। वह जसरा रेलवे स्टेशन पर पहुंच गई। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि वह कई घंटे से रेलवे स्टेशन पर अपने बच्चों के साथ बैठी थी। मासूम बच्चे समीक्षा यादव 5 वर्ष व स्वेच्छा यादव 3 वर्ष आपस में खेल रहे थे। दोनों बिस्किट पानी आदि भी खा पी रहे थे। घटना की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। किसी ग्रामीण ने महिला के पास मिले मोबाइल में लगे सिम निकाल कर उनके परिजनों को फोन किया। जबकि मोबाइल चकनाचूर हो गया था । सूचना पर सबसे पहले महिला के ससुर पहुंच गए। ग्रामीणों ने महिला के मायके में भी फोन से सूचना दे दी। घटना के कारण के बारे में ससुर राम कैलाश यादव कुछ भी नहीं बता पाए। राम कैलाश ने बताया कि उनके तीन लड़के दिवाकर यादव, अभिनेंद्र उर्फ टुनटुन यादव व अरुणेंद्र यादव हैं। जिसमें दो लड़कों का विवाह हुआ है। जब कि तीसरा बेटा अविवाहित है। दोनों बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। बताया कि टुनटुन यादव अभी 15 दिन पूर्व ही अपनी पत्नी को माइके से विदा करा कर लाया था। उसके बाद वह मुंबई चला गया। घटना के सही कारण का पता नहीं चल सका। लोगों ने पारिवारिक कलह को लेकर घटना की आशंका व्यक्त की है। राम कैलाश ने बताया कि टुनटुन यादव का विवाह 7 वर्ष पूर्व 2017 में हुआ था तथा विवाह के बाद से ही उसका खान-पांन रहन-सहन अलग हो गया था। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर एसीपी संतलाल सरोज व डीसीपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय भी मौजूद रहीं।

## रहस्यमय ढंग से दो सगे भाइयों की मौत से क्षेत्र में बना चर्चा का विषय

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र के ग्राम हरिसेनगंज में दो बीमार सगे भाइयों की एक घंटे के अन्तराल में मौत रहस्य बना है। फिलहाल परिजनों ने दोनों का अन्तिम संस्कार कर दिया हैं। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम हरिसेनगंज में श्रीनाथ सोनी 70 वर्ष तथा रामेश्वर प्रसाद उर्फ ननका 60वर्ष पुत्रगण स्वर्गीय संगमलाल बीती रात एक घंटे के अन्तराल में मौत हो गई। जिसे लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया गया है कि श्रीनाथ सोनी एक साल से फालिस से ग्रस्त थे जबकि रामेश्वर प्रसाद टीवी की बीमारी से पीड़ित थे। दोनों भाईयों की बीती रात एक घंटे के अन्तराल में मौत ने सबको चौंका दिया। सोमवार को सुबह परिजनों ने दोनों सगे भाईयों का अन्तिम संस्कार कर दिए।दो सगे भाईयों की एक घंटे की अंतराल में मौत लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## तालाब में डूबने से किशोर छात्र की हुई मौत घर में मचा कोहराम



**मेजा/मांडा।** तहसील क्षेत्र के बरहा कला गांव निवासी फूलचंद्र यादव का बेटा कार्तिकेय यादव (13) अपने साथियों के साथ बगल के तालाब में स्नान करने गया था जहां गहरे पानी में जानें से किशोर की डूबने से मौत हो गई। मृतक के साथियों एवं आस पास ग्रामीणों के चिलाने की आवाज सुनकर दौड़े ग्रामीणों के पहुंचने तक किशोर की मौत हो गई। मृतक किशोर सरस्वती पब्लिक स्कूल में कक्षा दो का छात्र था। उसकी मौत से परिवारजनों में कोहराम मच गया है। सूचना पर पहुंचे दिघिया चौकी प्रभारी बाबूराम पुलिस टीम के साथ शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के भेज दिया है। घटना को लेकर ग्रामीणों में कोहराम मचा रहा। माता प्रेमकली,भाई गणेश और बहन राधा सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वही घटना की जानकारी पर सरस्वती पब्लिक स्कूल के प्रबंधक मनमोहन सिंह यादव ने भी शोक व्यक्त किया है।

**कार्तिकेय सरस्वती पब्लिक स्कूल में कक्षा दो का छात्र था :** घटना को लेकर मृतक किशोर की माता प्रेम कली, भाई गणेश, बहन राधा सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। गौरतलब हो कि मृतक कार्तिकेय बरहा कला गांव स्थित सरस्वती पब्लिक स्कूल में कक्षा दो का छात्र था। घटना से स्कूल के प्रबंधक मनमोहन सिंह यादव व ग्राम प्रधान प्रीति यादव ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## एक सप्ताह तक करछना एवं बराव विद्युत स्टेशन से सप्लाई में परिवर्तन

**सुबह छः बजे से दोपहर एक बजे तक सप्लाई बंद रहेगी, लाइन मिंटेंनस**

**करछना।** पावर हाउस के अंतर्गत सभी गांवों की सप्लाई 18 जून से.25 जून तक सुबह 6 बजे से दोपहर एक बजे तक जरूरी कार्य हेतु सप्लाई बंद रहेगी, प्राप्त जानकारी विद्युत विभाग करछना की ओर से भुण्डा विद्युत सप्लाई स्टेशन से करछना विद्युत स्टेशन के बीच 33000 लाइन की सप्लाई को सही ढंग से संचालित करने के लिए जर्जर तार व पोल बदलने हेतु सुबह 6:00 से दोपहर की 1:00 तक सप्लाई बाधित रहेगी उपभोक्ताओं को अवगत कराया गया है कि वह अपने आवश्यक कार्य समय से निर्धारित समय के अनुसार निपटा लें उक्त आशय की जानकारी विद्युत विभाग करछना के अवर अभियंता सुशील कुमार यादव एवं सीनियर लाईन मैन इंद्र सेन सिंह द्वारा दी गई है,

## संदिग्ध दशा में युवक का खेत में मिला शव

**घर में मचा कोहराम परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप**

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत होने पर जहां परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है वहीं युवक की मौत को लेकर घर में कोहराम मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के ऊंचडीह बाजार,सोनार का तारा निवासी बेचन भारतीय का पुत्र सुनील कुमार उम्र 25 वर्ष की सोमवार को सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर खेत में शव मिला। जिससे हड़कंप मच गया और आनन फानन में इसकी सूचना परिजनों को दी गई पर परिजन मौके पर पहुंचे तो दहाड़ मारकर रोने लगे ग्रामीणों की मदद से मृत युवक को उठाकर सीएससी रामनगर ले गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वारदात से गुस्साए परिजनों ने शव ले जाकर सोनार का तारा चौराहे पर रखकर अपने बगल के पड़ोसियों के ऊपर हत्या का आरोप मढ़ने लगे। वारदात के संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि मृतक युवक बहुत दारु पीता था इसी कारण मौत हुई है। वर्तमान में तापमान भी अधिक है। हालांकि युवक की किस कारण से मौत हुई है यह स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल सूचना पर मेजा थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय जेवनिया चौकी इंचार्ज ,सिरसा चौकी इंचार्ज मय फोर्स मौके पहुंचकर भीड़ को काबू कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज कर जांच पड़ताल में जुटे हुए हैं। मृतक शादीशुदा है और घर पर रहकर मजदूरी करता था उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं उसकी मौत से माता-पिता पत्नी एवं अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## जसरा में नल से आ रहा गंदा पानी, पेट की बीमारी की आशंका



**जसरा।** जसरा स्थित जल निगम के नल से इन दिनों गंदा पानी की आपूर्ति की जा रही है। जिससे उपभोक्ता परेशान है। ग्रामीणों ने बताया कि इस तरह भीषण गर्मी में बीमारी बढ़ने की आशंका बढ़ती जा रही है। ग्रामीण पेय जल योजना के तहत स्थापित जल निगम जसरा व खटंगिया के नलों से इन दिनों गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। जसरा के श्याम शुक्ला, सुशील शुक्ला, श्याम बाबू केसरवानी, केसरी प्रसाद केसरवानी, निशू केसरवानी,आनंद केसरवानी, सुनील सिंह, मनोज केसरवानी, बृजेश द्विवेदी, चिरौंजी लाल केशरवानी के घरों में नल से गंदा पानी आ रहा है। बताया कि तीन दिन पूर्व खटंगिया गांव में हाईवे के निर्माण के दौरान जेसीबी ने नल का पाइप तोड़ दिया था । लोगों ने बताया कि उसी के बाद से लगातार गंदा पानी की आपूर्ति की जा रही है । जल निगम के अधिकारियों ने बताया कि पाइप की मरम्मत की जा चुकी है। लोगों का कहना है कि 40 वर्ष पूर्व स्थापित जल निगम की जमीन के अंदर की पाइप जर्जर हो चुकी है तथा कई जगह पर पानी का रिसाव भी हो रहा है जिससे नलों में गंदा पानी आ रहा है। जल निगम के जेई ने बताया कि आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाइप के रिसाव को ठीक कर दिया जाएगा । वहीं स्थानीय लोग पीने के पानी को लेकर परेशान हैं। लोगों का कहना है कि गंदा पानी पीने से उपभोक्ता पेट के रोगी बन रहे हैं। समस्याओं के समाधान के लिए स्थानीय लोगों ने जल निगम के उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई है।

## मऊआइमा में पत्रकार को पितृशोक, दी गई श्रद्धांजलि

**मऊआइमा।** मऊआइमा में एक हिंदी दैनिक के पत्रकार सुरेश मौर्य के पिता का हृदयाघात से निधन होने पर पत्रकारों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की और श्रद्धांजलि अर्पित की। वह दो बेटों और तीन बेटियों का भरा-पूरा परिवार छोड़कर गए। मऊआइमा के फिरोजपुर निवासी सूरेश मौर्य के पिता बृजलाल मौर्य (75) का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। सूचना पर पत्रकार उबैदुल्ला अंसारी, अशोक कौशल, डॉ. नदीम इंतेखाब, साजिद खान, हसीन मुश्ताक, जितेंद्र प्रसाद, सईद अंसारी, शंकर लाल गुप्ता, जैनुल आबदीन मुन्ना, जय प्रकाश, फैयाज अच्छे, इथलेश तिवारी, अमर सिंह तथा राकेश मौर्य आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की।

## चार के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज मृतका फांसी के फंदे पर लटकती मिली

**मऊआइमा।** बहरिया थाना क्षेत्र के ग्राम यासीनपुर निवासी लालचन्द्र सरोज पुत्र त्रिलोकी नाथ का कहना है कि उसने वह अपनी पुत्री नेहा 22 वर्ष की शादी दो वर्ष पूर्व मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चंडी पट्टी निवासी सुशील कुमार के साथ किया था ?जिससे एक चार महीने की बच्ची है । लालचन्द्र का आरोप है कि दहेज में एक लाख रुपए और बाइक की मांग न पूरी होने पर ससुरालियों द्वारा उसकी पुत्री नेहा को हमेशा प्रताड़ित किया जाता था। आरोपित है कि बीती रात ससुरालियों द्वारा उसकी पुत्री नेहा की हत्या कर फांसी के फंदे पर लटका दिया गया। सोमवार को मयके पक्ष को जानकारी होने पर वह मऊआइमा पुलिस को सुबह सुबह सूचना दिए। पुलिस ने नेहरा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मृतका के पिता लालचन्द्र की तहरीर पर मृतका के पति सुशील कुमार,जेठ सुनील कुमार , जेठानी नाम अज्ञात तथा परिवार के एक अन्य सुजीत कुमार के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## दिन के साथ रात्रि में भी बिजली कटौती

**थरवई।** वर्तमान समय में पड़ रही इस भीषण गर्मी से से लोगों का बुरा हाल है वहीं बिजली भी इस तड़पती गर्मी में रुला रही। मामला थरवई अन्तर्गत सब स्टेशन गोड़वा फीडर से जुड़े दो दर्जन से अधिक गांव आते हैं। वर्तमान समय में अघोषित बिजली कटौती की जा रही जिसका कोई समय नहीं कब आ रही कब जा रही कोई निश्चित समय नहीं। मानक समय सीमा के अनुसार भी नहीं मिल पा रही बिजली। जिसमें कई गांव थरवई, पड़िला, जैतवारडीह, दुआरी, बहमलपुर, जबर का पूरा, डाल तिवारी का पूरा, इस्माइलगंज, आदि कई गांव थरवई स्थित गोड़वा फीडर से जुड़े हैं।

## सौतेली मां की बेरहमी का शिकार बना तीन साल का कान्हा

अखंड भारत संदेश

**कान्हा को भूखा-प्यासा भी रखती थी सौतेली मां गुड़िया, पिटाई से हो गई थी मौत, पीएम के बाद घर पहुंचा शव, हत्यारोपित सौतेली मां को पुलिस ने भेजा जेल**

**बारा।** मां शब्द सुनते ही मन में दया, करुणा, प्रेम और वात्सल्य का भाव अपने आप जागृत हो जाता है। मां को जिस रूप में देखें, प्रेम ही बरसता है। पर, मां की ममता को शंकरगढ़ की गुड़िया ने न सिर्फ कलंकित किया, बल्कि तीन साल के मासूम को हमेशा-हमेशा के लिए खत्म कर दिया। यह मामला है शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या दस, हज्जी टोला का। हज्जी टोला के रहने वाले अजय कुमार नट पुत्र स्व. मेवालाल का विवाह सविता से हुआ था। अजय कुमार को पत्नी सविता से दो बेटे कृष्णा (8) और कान्हा (3) हुए। पेशे से मजदूर अजय कुमार की गृहस्थी की गाड़ी चल रही थी। अब से दो साल पहले सविता अपने पति व दोनों बेटों को छोड़कर अन्यत्र चली गई। अजय कुमार मेहनत मजदूरी करता है। उसके काम पर चले जाने से दोनों बच्चे घर में अकेले रहते थे। दोनों की देखभाल के लिए उसने सतना की गुड़िया नामक युवती से दूसरी शादी की। दूसरी शादी के कुछ दिन बाद तक गुड़िया का व्यवहार दोनों बच्चों के प्रति ठीक दिखा, लेकिन समय बीतने के साथ उसका असली चेहरा सामने आने लगा। अजय कुमार की तमाम कोशिशों के बाद भी वह कृष्णा और कान्हा को अपना न सकी। अजय का आरोप है कि उसके काम पर चले जाने के बाद वह बच्चों को भरपेट भोजन भी नहीं देती थी और बच्चे दिनोंदिन कमजोर होते जा रहे थे। कान्हा बीमार रहने लगा। वह खड़े-खड़े बेहोश हो जाता था।

इधर, रविवार को अजय कुमार काम पर चला गया तो घर मौजूद सौतेली मां गुड़िया ने कान्हा (3) की पिटाई कर दी। इससे वह अचेत हो गया। काफी देर तक जब कान्हा के शरीर में चेतना नहीं आई तो पास के ही किसी डाक्टर को बुलाकर कान्हा को दिखाया गया, तब कान्हा के गुजर जाने की पुष्टि हुई। पिटाई से कान्हा की मौत की सूचना पिता को मिली तो वह सीधे थाने पहुंच गया और पत्नी के खिलाफ तहरीर दे दी।

**गुड़िया की बेरुखी से बीमार रहने लगा था कान्हा**

थानाध्यक्ष शंकरगढ़ ओमप्रकाश ने बताया कि तहरीर मिलते ही सौतेली मां गुड़िया को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसओ ने बताया कि प्राथमिक छानबीन में पता चला कि कान्हा बीमार रहता था। सौतेली मां खाना-पीना भी नहीं देती थी। कुछ समय पहले कान्हा का हाथ भी टूट गया था, हालांकि यह स्पष्ट नहीं हुआ कि हाथ कैसे टूटा था। फिलहाल, मां के नाम पर सौतेली गुड़िया ने जिस तरह का कलंक लगाया है, उसके इस कृत्य की पूरे कस्बे में थू-थू हो रही है। सोमवार को पीएम के उपरांत कान्हा का शव घर लाया गया। जहां पर परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

## सेवानिवृत्ति प्रधानाध्यापिका के निधन पर शिक्षकों ने दी श्रद्धांजलि

**सहसों।** सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका पुष्प लता शुक्ला 75 वर्ष पत्नी रामधारी शुक्ला की सोमवार दोपहर स्वाभाविक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना सुनते ही क्षेत्रीय शिक्षकों एवं गणमान्य व्यक्तियो में शोक व्याप्त हो गया। शिक्षकों एवं अन्य लोग उनके आवास पर पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। श्रद्धांजलि देने वालों में प्राथमिक शिक्षक संघ फूलपुर के पूर्व मंत्री योगेंद्र प्रसाद मिश्र, उमापति पांडे, राधेश्याम मिश्रा, मधु मिश्रा, जूनियर शिक्षक संघ फूलपुर के अध्यक्ष संतोष जायसवाल, शोभालाल तिवारी, चंद्रधर द्विवेदी, राजकुमार सिंह परिहार, भाजपा नेता जयप्रकाश द्विवेदी, राजधर द्विवेदी, रोशन लाल पाल, राजेंद्र प्रसाद पांडे, साधु यादव, शिवधारीपाल सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## दंपत्ति को लाठी डंडा और धारदार हथियारों से मार कर किया गया लहुलुहान, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के रामनगर गंसियारी में मेड काटने के विवाद को लेकर पडोसी ने लाठी डंडा और धारदार हथियार से दम्पत्ति को मार पीट कर लहुलुहान कर दिया। पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा के रामनगर गंसियारी गांव निवासी मुन्ना पुत्र धनराज का आरोप है कि उसके खेत का मेड पडोसी काट दिया।बांधने के लिए कहने पर लाठी डंडा धारदार हथियार से मार पीट कर उसे और उसकी पत्नी को लाठी डंडो एवं धार दार हथियार से मार पीट कर लहुलुहान कर दिया गया। मुन्ना ने थाने में तहरीर देकर आलोक कुमार, सचिन कुमार, मूलचंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## अल्लाह इस मुल्क में अमन शान्ति सौहार्द बनाए रखे : मुफ्ती मौलाना हबीबुर्रहमान इमामे ईदगाह

**बादीपुर ईदगाह में मौलाना जैद शरीफ ने नमाज अदा कराए**



**मऊआइमा।** ईदगाह मऊआइमा में मुफ्ती मौलाना हबीबुर्रहमान इमामे ईदगाह ने सोमवार को ईदुल अजहा की नमाज के पहले फरमाए कि सभी लोग भाई चारा सौहार्द बनाए रखें। मुफ्ती हबीबुर्रहमान इमामे ईदगाह ने फरमाया कि लोग कुबार्नी करके उसका मलबा गाडने, कूडादान में डालने के बजाय फेंक देते हैं जो बहुत ही गलत काम है। मुफ्ती हबीबुर्रहमान इमामे ईदगाह ने सामूहिक रूप से मुल्क के अमन चैन के लिए दुआ कराई। उधर मऊआइमा बांदीपुर ईदगाह में मौलाना जैद शरीफ ने ईदुल जुहा पर कहे कि यह बाप और बेटे के मोहब्बत की एक जीता जागता मिशाल है। उक्त ईद गाह में महिलाओं ने भी हर वर्षों की भांति नमाज अदा की।क्षेत्र के अनेकों ईदगाहों और और मस्जिदों में ईदुल अजहा की नमाज अदा की गयी। नमाज के बाद लोगों ने जानवरों की कुबार्नी की।इस अवसर पर पुलिस प्रशासन का सख्त इंतजाम किया गया था। नमाज अदा करने के बाद साहबे हैसियत लोगों ने अल्लाह के राह में कुबार्नी पेश की।

# न्यूज झरोखा

## विस्मृति द्वार से पता चलेगा गांवों की दूरी रास्ता होगा सुगम, सांसद की पहल पर कार्य हुआ शुरू



**सहसो।** नई पहल नई उम्मीद के साथ ग्रामीण अंचलों के संपर्क मार्गों पर बिना अटके, बिना भटके अब राहगीरों का चलना होगा सुगम। लोकसभा क्षेत्र फूलपुर से नवनिर्वाचित सांसद प्रवीण पटेल की पहल पर राजमार्गों से जुड़े संपर्क मार्गों पर स्थित गांवों और उनकी दूरी विस्मृति द्वार पर लगे बोर्ड पर अंकित किया जाएगा। जिससे अपरिचित व्यक्ति भी रात में अपने लक्ष्य तक सुगमता से पहुंच सके। इसके साथ ही द्वार की दोनों तरफ सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे ताकि सुरक्षा के साथ किसी भी अप्रिय घटना की जानकारी हो सके। सांसद प्रवीण पटेल ने बताया कि लोक सभा क्षेत्र में जितने गांव हैं उनकी कनेक्टिविटी को सरल बनाया जाएगा। जो संपर्क मार्ग खस्ताहाल हैं उनकी तत्काल प्रभाव से मरम्मत कराया जायेगा। विस्मृति द्वार बनाने का कार्य शुरू हो चुका है। जिसमें प्रयागराज फूलपुर राजमार्ग के चिरौड़ा बगई मार्ग, टटिहरा मार्ग, बाबूगंज से कनेहटी, कनेहटी मार्ग से मनेथु, यादव चौराहे से बगई मार्ग, लोचन गंज से हनुमानगंज, बलीपुर मार्ग, लीलापुर से कनिहार मार्ग, चमनगंज से छिबैयां मार्ग, ककरा कोटवां दलापुर मार्ग, हनुमानगंज अप्सरा टाकीज, जगतपुर बलरामपुर मार्ग, हनुमान मंदिर मन्डौर मार्ग, चन्दऊकी मार्ग, पतुलकी मार्ग, थानापुर,भोपतपुर, बभनकुंआं से बगई मार्ग, अंदावा बंधवा ताहिरपुर मार्ग, पटेल नगर मार्ग, झूंसी वर्कशाप से हेतापट्टी मार्ग, मलावां मार्ग सहित आदि मार्गो पर विस्मृति द्वार बनाना है। जिनपर काम भी शुरू हो चुका है। जिसमें कुछ लंबी दूरी के संपर्क मार्गो के दोनों तरफ विस्मृति द्वार बनाए जाएंगे।

## गंगा दशहरा पर्व पर पिलाया ठंडा शर्बत



**जारी।** रविवार को गंगा दशहरा के अवसर पर जारी बाजार नहर चौराहे पर शीतल जल और शरबत का वितरण किया गया। भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल राहगीरों ने छककर शर्बत पीकर अपनी प्यास बुझाई। बाजार के युवाओ की ओर से शर्बत और जल वितरण किया गया। इस अवसर पर विष्णु भोजवाल, विवेक जायसवाल, विमल जायसवाल, ऋषभ, गोपाल चौरसिया, बच्चा गुप्ता, शोभित जयसवाल, अनीश केसरवानी आशीष आदि रहे।

## विक्रमपुर नलकूप की नाली क्षतिग्रस्त, सिंचाई बाधित



**धनूपुर।** सरकारी नलकूप 72 एच विक्रमपुर, धनूपुर की स्थिति चिंताजनक है नलकूप से गांव की सिंचाई होती है लेकिन गांव में बनी सरकारी नाली जगह जगह टूटकर गिर गई है, नाली में बड़ी-बड़ी घांस उग आई है जिसके कारण खेतों में जाने वाला पानी खेतों में नहीं पहुंच पा रहा है इधर उधर फालतू में बह रहा है। किसानों ने कई बार नलकूप आपरेटरों एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को सूचित किया कि गांव में जगह जगह नाली टूटी है सिंचाई बाधित हो रही है लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। विगत कई वर्षों से क्षतिग्रस्त नाली का निर्माण न होने से किसानों में आक्रोश व्याप्त है। गांव के पंकज शुक्ला, गोपाल यादव, मोहनलाल मिश्रा, रामराज दुबे, शेषमणि गुप्ता, राजमणि, समयलाल, भुल्लन भाट, राजाराम, विजयलाल, सोहन लाल मौर्य, आशाराम यादव, नाथूराम, धर्मदेव, धीरेंद्र, मस्ताना आदि किसानों ने अतिशिघ्र नाली निर्माण हेतु मांग किया है।

## शांतिव्यवस्था को लेकर पैदल गस्त व चला सघन चेकिंग



**थरवई।** सोमवार को थरवई पुलिस टीम द्वारा किया गया पैदल गस्त। थरवई अंतर्गत पड़िला व पाण्डेशवर नाथ धाम आदि प्रमुख चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर किया गया पैदल गस्त। वहीं प्रमुख चौराहों पर सघनता के साथ चला चेकिंग अभियान। जिसका मुख्य उद्देश्य है कि शांति व्यवस्था को बनाये रखना। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार गौतम द्वारा बताया गया की आज पड़िला क्षेत्र व पान की पुलिया आदि स्थानों पर पैदल गस्त किया गया एवं वहीं प्रमुख चौराहों पर वाहनों की सघनता के साथ चेकिंग अभियान चलाया गया संदिग्ध व संदिग्धों पर भी विशेष नजर रही। गस्त में मौजूद रहे वरिष्ठ उपनिरीक्षक रावेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार, महिला एस आई दिव्या यादव, निधि पटेल, हरिओम आदि कई पुलिस टीम में मौजूद रहे।

## लोकसभा प्रत्याशी के अपहरण मामले में फार्चूनर समेत तीन गिरफ्तार




**लालापुर।** क्षेत्र के मदुरी गांव अपने साथी के साथ आए लोक सभा प्रत्याशी के अपहरण की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आरोपियों को घटना में उपयोग की गई फार्चूनरा गाड़ी को बरामद कर अपहृत व्यक्ति को मुक्त करा आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया। नैनी थाना क्षेत्र के सीओडी रोड धनुहा निवासी विपिन कुमार मिश्र का आरोप है कि वह अपने साथी तिगनौता गांव निवासी अजित कुमार पटेल को लेकर लालापुर थाना क्षेत्र मदुरी गांव रविवार को आया था । इसी बीच एक फार्चूनर कार से पहुंचे लोगो ने अजीत कुमार पटेल को मार पीट कर अपनी गाड़ी में भर कर उठा ले गए। जिसकी सूचना फोन से लालापुर पुलिस को दी गई । अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस ने आरोपियों की खोज शुरू की तो सोमवार को आरोपी पुलिस के चंगुल में आ गए । पकड़े गए आरोपियो सागर उर्फ करण राज पुत्र सुधीर राज निवासी स्टैची रोड सिविल लाइंस,नरेंद्र कुमार मौर्य पुत्र बब्बू मौर्य निवासी हनुमान गंज कोटवा ,मलखानपुर सराय इनायत ,राज सिंह पुत्र राजू सिंह निवासी नया पूरा शिवकुटी प्रयागराज को प्रतापपुर तिराहा के पास से फार्चूनर सहित गिरफ्तार किया । एस ओ लालापुर अजय कुमार मिश्र ने बताया कि अपहृत अजित कुमार पटेल लोक सभा चुनाव भी लड़ा था । जिसमे आरोपियों से चुनाव में किराए पर गाड़ी ली थी । जिसका भुगतान अजित कुमार पटेल नही कर रहा था । इसी बात को लेकर उक्त घटना की गई । सभी आरोपियों को संगीन धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया ।

## दो वितरकों के बीच सामंजस्य के अभाव में गैस उपभोक्ता परेशान

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के इंडियन गैस उपभोक्ता गैस वितरण एजेंसियों में आपसी सामंजस्य न बन पाने के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार इंडियन गैस वितरण हेतु नैनी मे मिजार्पुर रोड पर स्थित बसंत गैस सर्विस को जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह रीवा रोड पर स्थित राजलक्ष्मी के नाम से गैस वितरण किया जा रहा है। उपभोक्ताओं का मानना है कि खाऊं कमाऊ नीति के तहत अभी हाल में कुछ उपभोक्ताओं का कनेक्शन इधर से उधर कर देने से उपभोक्ता परेशान हो रहा है। सम्बंधित दोनों वितरण एजेंसियों से बात करने पर प्रबन्धकों द्वारा एक-दूसरे के पास दौड़ाया जा रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि वितरण एजेंसियों द्वारा घर घर भेजे जाने वाले सिलेंडरों में गैस कम रहती है जिससे लोग स्वयं गोडाउन से ले आते हैं परन्तु कुछ लोग जो ले आने में अस्मर्थ है वे कम गैस वाले सिलेंडर घर पर सप्लाई लेने को मजबूर हैं। नैनी विकास परिषद ने सम्बन्धित जिम्मेदार अधिकारियों से उपभोक्ताओं की नियमित सुविधाओं को ध्यान मे रखते हुए उचित कदम उठाने की मांग की है।

# अभी और कहर बरपाएगी गर्मी, 22 जून तक मानसून की संभावना, सोमवार को भी हाई रहा पारा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सोमवार को आसमान से फिर अंगारे बरसे। तेज धूप और गर्मी के चलते सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। सड़कों से मानों आग निकल रहा हो। पंखे और कूलर भी गर्मी के आगे जवाब दे रहे हैं। पसीने से तर बतर लोग परेशान हैं। हर आदमी सिर को ढंककर चल रहा है। गर्मी का प्रचंड रूप कायम है। यह दशा करीब एक सप्ताह से बनी हुई है। रविवार को तापमान 47 डिग्री के पार पहुंच गया था। रात के तापमान में भी बढ़ोत्तरी हो जाने के कारण लोग चैन से सो भी नहीं पा रहे हैं। इस पर बिजली की कटौती ने तो पूरी दिनचर्या ही पटरी से उतार दिया है।मौसम विभाग की मानें तो 22 जून तक मानसून आ सकता है। दोपहर 12 बजे के बाद सड़कों पर सन्ना छा गया और गर्मी के कहर से बचने के लिए लोग घरों में कैद हो गए। सोमवार को एक बार फिर पारा 47 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। इसी तरह रात के तापमान में भी वृद्धि हुई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन तक इसी तरह गर्मी सताती रहेगी। 22 जून तक मानसून सक्रिय होने की उम्मीद है।

**रात के तापमान में भी आई तेजी :** गर्मी अब जानलेवा साबित हो रहा है। हीट वेव के मरीजों की संख्या अस्पतालों में बढ़ती जा रही है। लू लगने से रोजाना कई लोगों की मौत हो रही है। इंसान तो क्या जानवर और पशु पक्षी भी बेहाल दिख रहे हैं। दस दिन के भीतर राष्ट्रीय पक्षी मोर सहित कई पक्षियों की मौत हो चुकी है। भीषण गर्मी और सूरज की तपिश से लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। यहां जून का महीना सबसे ज्यादा तपने वाला साबित हो रहा है। एक-दो दिन की बात छोड़ दी जाए, तो यहां का तापमान लगातार 46 से 47 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। सोमवार को भी सूरज का तेवर हाई रहा। सुबह से10 बजे के बीच लगा जैसे कि जैसे दोपहर के दो बज गए हों।

**प्री मानसून बारिश न होने से तप रहा शहर**

इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के प्रो. एचएन मिश्रा बताते हैं कि इस बार यहां पर प्री मानसून नहीं आया। यही कारण है कि सीधे मानसून दस्तक देगा। पिछले कुछ वर्षों की बात की जाए तो मानसून के पहले एक या दो बार बारिश हो जाती थी। जिससे गर्मी से काफी हद तक राहत मिल जाती थी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ।

## प्रयागराज और आसपास के इलाकों में 15 की मौत,कई अस्पताल में भर्ती

**प्रयागराज।** प्रयागराज के आस-पास इलाकों में भीषण गर्मी जानलेवा बन गई है। लू और गर्मी की चपेट में आकर सोमवार शाम तक 15 लोगों की मौत हो गई। इसमें आठ प्रयागराज, पांच कौशांबी और दो लोगों की मौत प्रतापगढ़ में हुई है। वहीं, गर्मी से हालत बिगड़ने पर कई लोगों को अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। हालात यह हैं कि दिन ही नहीं रात में भी तापमान अधिक होने से सुकून नहीं मिल पा रहा है।

**यूपी का सबसे गर्म जिला रहा प्रयागराज :** सोमवार को प्रयागराज एक बार फिर उत्तर प्रदेश में सबसे गर्म जिला रहा। अधिकतम 47.6 व न्यूनतम तापमान 34.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश में प्रयागराज व कानपुर एयरफोर्स न्यूनतम तापमान के मामले में एक समान रहे। सुबह 10 से शाम चार बजे तक सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। गर्मी के विकराल रूप को देखते हुए मौसम विभाग ने 22 जून तक लू का अलर्ट जारी किया है। ऐसे में पूरे सप्ताह अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने का अनुमान है। मंगलवार की बात करें तो अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। वहीं, न्यूनतम तापमान भी 33 डिग्री सेल्सियस के अधिक रहने की संभावना जताई गई है। आलम यह है कि सुबह 10 बजे के बाद से अंगार बन चुकी सड़कों पर एक कदम चलना भी मुश्किल हो गया। कई राहगीरों को सिर दर्द व बेचैनी की समस्या रही। अस्पतालों में उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। इतना ही नहीं रोजाना डायरिया के 15 से 20 मरीज सामने आ रहे हैं। मौसम के जानकारों के मुताबिक मानसून 22 जून के बाद आने की संभावना है।

**लू के 25 मरीज हुए भर्ती :** लू लगने से सोमवार को एसआरएन में 20 व बेली में पांच मरीज भर्ती हुए। इसके अलावा डायरिया के मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। जिसके चलते एसआरएन में पांच, बेली में आठ व कॉल्विन में पांच मरीज भर्ती हुए हैं।

**24 घंटे में महिला समेत चार लोगों की हुई मौत :** भीषण गर्मी जानलेवा साबित हो रही है। 24 घंटे में गर्मी से मेजा में चार लोगों की मौत हो चुकी है। दशरथपुर के शिव शंकर यादव (65) भैंस चराने गए थे। घर लौटे तो ठंडा पानी पी लिए। बस तबियत बिगड़ गई। परिजन अस्पताल ले जा रहे थे कि मौत हो गई। घर में कोहराम मचा हुआ है। वहीं 24 घंटे के अंदर परानीपुर के संगम लाल दूबे, मानिक चन्द्र और एक महिला की मौत हो गई। पड़ रही भीषण गर्मी में लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। लोग गर्मी से पूरी तरह से बेहाल हैं।

## संगम नोज पर शिक्षकों ने चलाया सफाई अभियान

**प्रयागराज।** भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच प्रयागराज के शिक्षकों ने आज सोमवार को सफाई अभियान चलाया। वैचारिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह के नेतृत्व में 'संगम स्वच्छता अभियान' संगम नोज पर चलाया गया। घाटों पर 2 घंटे तक सफाई कार्य हुआ। इस दौरान कचरा बोरियों में रखकर नष्ट कराया गया।डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह ने स्नान करने आने वाले लोगों सफाई को लेकर अपील भी की। उन्होंने कहा, मां गंगा को स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है, तमाम लोग घर का कचरा, हवन सामग्री की राख, टूटी मूर्तियां, माला फूल, पॉलीथिन, यहां तक की डायपर भी गंगा नदी में फेंक दे रहे हैं, यह बिल्कुल गलत है।

**सफाई अभियान में यह रहे शामिल**

प्रदेश महामंत्री दिनेश कुमार वर्मा ने उपस्थित सभी साथियों का आभार व्यक्त किया। प्रदेश महामंत्री दिनेश कुमार वर्मा, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, संरक्षक सुनीता सिंह, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह, रश्मि सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष, अजीत कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, प्रदेश संयुक्त मंत्री गोपेश पाल, मंडल महामंत्री समर सिंह, मंडल मंत्री शैलेंद्र कुमार सिंह, अमर जीत सिंह, जिलाध्यक्ष प्रयागराज रमाकांत सिंह, जिला महामंत्री दयाशंकर गुप्ता, जिला मंत्री मनीष कुमार सिंह मौजूद रहें।

## न्यूज झरोखा

### बड़े मंगल पर संगम मार्ग रहेगा वनवे, डायवर्जन लागू




**प्रयागराज।** गंगा दशहरा पर लगे भयंकर जाम के बाद अब बड़े मंगल को यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने के लिए पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने सोमवार को पुलिस लाइन में पुलिस अफसरों संग बैठक की। इस दौरान जाम के कारण और निवारण पर चर्चा की गई। डीसीपी ट्रैफिक ने प्रजेंटेशन दिखाया कि कैसे और किस मार्ग से वाहनों को संगम की ओर ले जाएंगे और वापस लाएंगे। पुलिस सोमवार रात दो बजे से ही भारी वाहनों का प्रवेश शहर में रोक देगी। नो इंट्री का समय कम कर दिया गया है ताकि बड़े वाहनों का शहर में दबाव न रहे। शहर में हो रहे निर्माण कार्यों विशेष कर जीटी जवाहर से हर्षवर्धन चौराहा तक बन रहे फ्लाईओवर के कारण मार्ग सकरा हो गया है। इसके कारण यातायात की समस्या आ रही है। इसके लिए विकल्प मार्गों पर पुलिस अफसरों ने चर्चा की। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि बड़े मंगल पर भी श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए डायवर्जन लागू किया गया है। काली सड़क से श्रद्धालुओं की छोटी गाड़ियां संगम तक जाएंगी और त्रिवेणी से वापस आएंगी। वहीं बड़ी गाड़ियों को 17 नंबर पार्किंग में पार्क कराया जाएगा। अगर भीड़ बढ़ी अगला छोटी गाड़ियों को भी पार्किंग में रोकी जाएगी। इस बैठक में अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस उपायुक्त नगर, पुलिस उपायुक्त गंगानगर, पुलिस उपायुक्त यमुनानगर, पुलिस उपायुक्त यातायात, अपर पुलिस उपायुक्त यमुनानगर आदि अफसर मौजूद है।

### पीड़ित मानवता की सेवा ही लायंस का धर्म : डॉ रमेश चंद्रा

**प्रयागराज।** विलास होटल सिविल लाइंस में लायंस क्लब प्रयागराज रॉयल द्वारा आयोजित गवर्नर ऑफिशल विजिट प्रेसीडेंशियल अवॉर्ड नाइट का आयोजन किया गया। सभी पदाधिकारी को माला और अंग वस्त्रम द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजन के दौरान ऑफिशल विजिट पर पधारे लायंस क्लब जिला 321 के गवर्नर लायन जे एन श्रीवास्तव ने लायंस क्लब प्रयागराज रॉयल के द्वारा किए गए सेवा कार्यों की रिपोर्ट तथा बैलेंस शीट का अवलोकन किया और उन्होंने बधाइयां दी की नया क्लब होने के बावजूद क्लब ने अत्यंत सराहनीय सेवा कार्य किया। वहीं पर उपस्थित रीजन चेयरपर्सन उमेश खक्कर और जोन चेयरपर्सन नीरज अग्रवाल ने भी किए गए सेवा कार्यों की सराहना की। उसके बाद प्रेसीडेंशियल अवॉर्ड समारोह में वर्ष 202324 में रहे चार्टर प्रेसिडेंट डॉ रमेश चंद्रा ने क्लब के सभी सदस्यों को उपहार एवं स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मानित किया। इं संत कुमार वर्मा एवं इ रवि भूषण गुप्ता ने चार्टर अध्यक्ष डॉ रमेश चंद्रा उनकी पत्नी सरिता पटेल को टोकन आफ लव स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्रम द्वारा सम्मानित किया।अपने उद्बोधन में क्लब के अध्यक्ष डॉ रमेश चंद्र ने कहा सभी लायंस का कर्तव्य ही समाज में सेवा करना है। समाज में गरीबों की सहायता करना, उनको स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, मेडिकल एवं हेल्थ चेकअप कैंप लगाना, वृक्षारोपण करना, एवम पीड़ित मानवता की सेवा करना ही लायंस का धर्म है। आने वाले सत्र में लायन इ संत कुमार वर्मा को अध्यक्ष, इं रवि भूषण गुप्ता को महासचिव एवं एम जे एफ डॉ संतोष कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। उन्होंने उनको शुभकामनाएं दी और आगे पीड़ित मानवता की सेवा के लिए और भी सेवा कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बैंक मैनेजर लायन राजेश सुमन, एस बी गुप्ता, सुनील वर्मा, सरिता पटेल, सुधा गुप्ता, अल्पना वर्मा, अंजली यादव आकांक्षा, कविता वर्मा, सविता एवं सोनी यादव आदि लोग उपस्थित थे।

### नैनी अरैल पक्के घाट पर भव्य भंडारे का आयोजन हुआ

**नैनी।** नैनी अरैल पक्के घाट पर भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। गंगा दशहरा के पावन पर्व पर अरैल पक्के घाट पर पिछले वर्ष की भांति दो संस्थाओं सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान एवं शहीद चन्द्रशेखर आजाद स्मारक समिति नैनी के द्वारा तीसरा भव्य भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें नर सेवा नारायण सेवा के माध्यम से भूखे को भोजन प्रसाद एवं प्यासे को शरबत प्रसाद का वितरण कर मां गंगा पतित पावनी का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में रामकृष्ण पाण्डेय (मुन्ना), कुंवर जी तिवारी, मनीष पांडेय, सुनील मिश्रा, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, सुनील कुशवाहा, ऋषि दीक्षित, आत्म प्रकाश यादव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, धीरज राजवानी, डां प्रमोद मिश्रा, डां विनय तिवारी, सौरभ यादव, उज्जवल यादव, शनि यादव, गौरव यादव, बबीता जायसवाल, तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### आए थे पुण्य की डुबकी लगाने, गिरे और चली गई जान

**प्रयागराज।** मध्य प्रदेश के छतरपुर के रहने वाली रणधीर सिंह (30 वर्ष) कल रविवार को गंगा दशहरा के मौके पर संगम स्नान करने के लिए प्रयागराज आए थे। घंटों जाम से जूझते हुए संगम पहुंचे और स्नान कर-के लौटने तो मेला क्षेत्र में अचेत होकर गिर गए। एसआरएन अस्पताल के ट्रामा सेंटर ले जाया गया लेकिन वहां मृत घोषित कर दिया गया। इसी तरह एक महिला चेन्नई से स्नान करने आई थी, अचानक गश खाकर गिरी और मौत हो गई। इसी तरह मेला क्षेत्र में 40 वर्षीय एक लावारिस लाश मिली, उसे भी पोस्टमॉर्टम हाउस भेजा गया।

### गुमटी में लगी आग, हजारों का नुकसान

**प्रयागराज।** पिपरी थाना क्षेत्र के कसेंदा निवासी लवकुश कुशवाहा पुत्र शारदा प्रसाद ने गांव में ही सड़क किनारे चाय-पान की गुमटी खोल रखी है। रविवार की रात शार्ट सर्किट से गुमटी में आग लग गई। आग देखकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। दुकानदार ने कड़ी मशक्कत के बाद लोगों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया। हालांकि, इससे पहले ही लगभग 10 हजार रुपये का सामान जलकर राख हो चुका था।

## प्रयागराज में पत्रकार विकास परिषद का पंचम राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ संपन्न

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** पत्रकार और पत्रकारिता को नई दिशा देने वाला पत्रकार विकास परिषद पत्रकारों एवं पत्रकारिता के विकास में निरंतर कार्यरत रही है ,पत्रकार विकास परिषद का पंचम राष्ट्रीय सम्मेलन प्रयागराज के अशोक नगर स्थित प्रयाग इन होटल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सी न्यूज भारत चैनल के ऑडिटर इन चीफ पवन शर्मा रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक लखन लाल मिश्र, माँ शारदा ग्रुप ऑफ कॉलेज एवं हॉस्पिटल के डायरेक्टर आरके अग्रवाल, ओएसडी बीएचयू आईएमएस डायरेक्टर श्री एसपी सिंह जी प्रयाग ग्रुप ऑफ होटल्स के एमडी रौनक गुप्ता भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य रूप से आयोजन एवं नेतृत्व राष्ट्रीय सचिव डी के मिश्र एवं प्रदेश पूर्वांचल प्रभारी आयुष श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत अरैल महर्षि योगी आश्रम के विद्वान प्राचार्य आदित्य तिवारी अशोक तिवारी मुख में शंखनाद एवं उपस्थित अतिथियों के द्वारा सरस्वती जी की पूजा एवं दीप प्रज्वलन के साथ राष्ट्रगान से हुआ , कार्यक्रम का संचालन प्रदेश सलाहकार शैलेन्द्र नगाइच द्वारा किया गया। इस मौके पर समस्त भारत के विभिन्न राज्यों से पत्रकारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि पवन शर्मा के द्वारा पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह आश्वासन दिया कि पत्रकार विकास परिषद हर उस ईमानदार पत्रकार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है जिसे सरकार , प्रशासन एवं समाज द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। समाज में हो रहे पत्रकारों के शोषण के खिलाफ खुली जंग का ऐलान करते हुए पवन शर्मा ने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा हेतु सरकार को जल्द से जल्द कदम उठाना चाहिए एवं पत्रकारों के हित में कानून बनाए जाने चाहिए। वही भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कहा मैंने पत्रकारों के हित में ही सदैव कार्य करना चाहा है ये ऐसे पारिश्रमिक है जो धूप हो ठंड हो बरसात हो सदैव आपको जमीनी स्तर पर संघर्ष करते हुए दिखेंगे मैं आप सभी पत्रकार साथियों की आश्वासन देना चाहता हूँ की जल्द मैं अपने सरकार के मुखिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रयागराज में पत्रकारों के लिए सुरक्षा कानून लाने के पूर्व में किए गए निवेदन पर कानून लागू करवाऊँगा वही प्रयाग ग्रुप ऑफ होट्ल्स के एमडी रौनक गुप्ता ने कहा कि आज के पत्रकारो पर माँ सरस्वती की विशेष कृपा रहती है पर कभी कभी ना लक्ष्मी की कृपा नहीं हो पाती है पर इसके बाद भी अपने बागी तेवर और अपने देश से ईमानदारी निभाते निभाते अपराध और जुल्म के खिलाफ आवाज उठाते उठाते कई पत्रकारों को अपनी जान भी गवानी पड़ती है पर फिर भी आप लोग किसी से डरते नहीं ये सबसे खास बात है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश. उत्तराखंड. बुंदेलखंड. पश्चिम. पूर्वांचल के साथ वाराणसी मंडल. आगरा मंडल. कानपुर मंडल. मिजार्पुर मंडल. प्रयागराज मंडल से कार्यकर्ता में प्रदेश कार्यालय प्रभारी संदीप सिंह. प्रदेश महासचिव सुनील कटियार.प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष मिश्र. प्रदेश मंत्री अजय पांडेय. प्रदेश संयोजक उमाशंकर गुप्ता. उत्तराखंड प्रभारी विशाल ओझा. बबिता शर्मा प्रदेश अध्यक्ष महिला बिंग. नीलम मिश्रा प्रदेश सचिव. अमित श्रीवास्तव. अंजनी रॉय मण्डल प्रभारी वाराणसी. विजय मिश्र मंडल अध्यक्ष मिजार्पुर. सौरभ दीक्षित कानपुर मंडल प्रभारी. घनश्याम मिश्र आगरा मंडल प्रभारी. प्रयागराज मण्डल प्रभारी आशीष मिश्र. बुंदेलखंड प्रभारी संदीप कुमार जी. डीके सिंह कौशांबी जिला अध्यक्ष. फतेहपुर जिला अध्यक्ष श्रवण तिवारी. संजय श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष वाराणसी. दीपक दुबे जिला अध्यक्ष मिजार्पुर.जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सवार्नंद यादव जौनपुर. बाँदा. महोबा. हाथरस. आगरा. लखनऊ. मोहम्मद सरीफ मंडल संयोजक. लोकेश तिवारी मंडल उपाध्यक्ष.अजय यादव मंडल प्रवक्ता.वरुण मिश्र जिला अध्यक्ष शिव तिवारी जिला महासचिव. विनायक पांडेय जिला सचिव. रोली श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष महिला बिंग.अंकित सिंह यादव महानगर अध्यक्ष तमाम मंडल और जिले से पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अरैल घाट पर गंगा अवतरण दिवस पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित हुए कार्यक्रम

### अवंतिका कालोनी के शीतला माई पार्क में दीपदान आयोजन सम्पन्न हुआ





**नैनी।** नैनी गंगा दशहरा के पावन पर्व पर रविवार को विभिन्न सामाजिक, आध्यात्मिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। परमार्थ त्रिवेणी पुष्प, गंगा महासभा प्रयागराज एवं यमुनापार विकास संघर्ष समिति के तत्वावधान में नैनी अरैल घाट पर भव्य गंगा आरती व पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसाद एवं शरबत पानी की समुचित व्यवस्था रही। गंगा आरती एवं पूजन में प्रमुख रूप से फलाहारी आश्रम के सन्त राम सरन दास, साधू कुटी आश्रम के लाल बाबा, चक्र माधव के अवधेश महराज, परमार्थ त्रिवेणी पुष्प से पावनी जी, गंगा महासभा के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र तिवारी, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय एवं महामंत्री संगठन गजेन्द्र प्रताप सिंह शामिल रहे। इस अवसर पर नगर निगम के पूर्व पार्षद कमलेश सिंह, पार्षद रण विजय सिंह, पीआईएल विशेषज्ञ एडवोकेट विजय चन्द्र श्रीवास्तव, व सुनीता शर्मा, यमुनापार विकास संघर्ष समिति से सुधाकर दुबे, सुनीता दुबे, प्रवीण तिवारी, जितेन्द्र सिंह, बच्चा विश्वकर्मा, टी एन मिश्र, आशुतोष मिश्र आदि की उपस्थिती रही। इसी प्रकार अवंतिका विकास समिति नैनी के तत्वावधान में अवंतिका कालोनी के शीतला माई पार्क में दीपदान, आरती एवं पूजन का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित कवियों द्वारा मां गंगा को समर्पित काव्य पाठ किया गया। आयोजन के दौरान शरबत पानी की समुचित व्यवस्था रही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह, सह संयोजक बद्री प्रसाद मिश्र, उपाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद शुक्ल, महामंत्री सुनील श्रीवास्तव, कार्यक्रम संयोजिका मीना जायसवाल, सह संयोजिका बिन्दु राठौड़, आशा सिंह, जनार्दन सिंह, आशुतोष मिश्र तथा समिति के सदस्यों के साथ ही अनेक गंगाभक्त उपस्थित रहे।

## मेमो पैसेंजर को प्रयागराज तक जानें के लिए यात्रियों ने स्टेशन मास्टर को सौंपा ज्ञापन




**मेजा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय से चलकर प्रयागराज (सूबेदारगंज) को जाने वाली मेमो पैसेंजर का निर्धारित गंतव्य तक न जाने से दैनिक यात्रियों की मुसीबते बढ़ गई है। नाराज यात्रियों ने स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपते हुए पूर्व निर्धारित स्टेशन तक मेमो पैसेंजर को बहाल करने की मांग उठाई है। बता दे कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन से चलकर प्रयागराज (सूबेदारगंज) तक जाने वाली अप मेमो पैसेंजर (03333 ) 12 जून से 26 जुलाई तक किन्हीं कारणों के चलते छिंवकी स्टेशन तक ही चलाई जा रही है। जिसके चलते दैनिक यात्रियों की मुसीबतें बढ़ गई है। छिवकी से प्रयागराज तक जाने के लिए इस भीषण गर्मी में यात्रियों को काफी जद्दोजहद करना पड़ रहा है। जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतें हो रही है।रविवार को मेजारोड स्टेशन पर दर्जनों की संख्या में मौजूद एम एसटी होल्डर व यात्रियों ने स्टेशन मास्टर को ज्ञापन देकर नाराजगी व्यक्त किया। यात्रियों ने मेमो पैसेंजर को पूर्व निर्धारित स्टेशन सूबेदारगंज तक पुनः बहाल करने की मांग उठाई है। दैनिक यात्रियों का कहना है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय से चलकर प्रयागराज तक मेमो पैसेंजर जाती रही है। इन दोनों स्टेशनों के बीच बिरोही, गैपुरा, जिगना, मांडा, ऊंचडीह, मेजा रोड, भीरपुर, करछना स्टेशनों पर रुकते हुए जाती है। इस मेमो पैसेंजर से रोजाना हजारों यात्रियों का आवागमन होता है। इसमें तमाम तरह के लोग नौकरी पेसा, मजदूरी, मध्यम व छोटे व्यापारी तथा अस्वस्थ व्यक्ति इलाज के लिए शहर जाते हैं। यहां तक कि गरीब तबके के लोगों के लिए भी मेमो पैसेंजर किसी संजीवनी से कम नहीं है। क्योंकि कम पैसे में लोगों का आवागमन मेमो पैसेंजर से होता है। मेमो पैसेंजर को पुनः प्रयागराज तक बहाल करने को लेकर ज्ञापन यात्रियों ने ज्ञापन सौपा है। इस दौरान अधिवक्ता अरुण प्रजापति, दुर्गेश सिंह, श्रीकांत यादव, कुलदीप श्रीवास्तव, आनंद कुमार राय, सचिन श्रीवास्तव, लालमणि पाल, रवि कुमार, सुशील कुमार भारतीया,मोहम्मद इमरान, जयप्रकाश, ज्ञानचंद पटेल एडवोकेट, प्रभा शंकर मिश्रा एडवोकेट, मोहम्मद मुस्तकीन,आर बी यादव, चैन सिंह, शैलेंद्र मिश्रा, दीपक पटेल, रामबली यादव, रामबाबू यादव, सत्यम तिवारी, संदीप जैसल, बालकृष्ण गुप्ता, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत शहजादपुर विकास खण्ड कड़ा जनपद कौशाम्बी

(अल्पकालिक निविदा सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शहजादपुर विकास खण्ड कड़ा जनपद कौशाम्बी में 15 वा केंद्रीय वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना,कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर,इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प स्ट्रीट लाइट इंटरलॉकिंग स्कूल बाउंड्री एमडीएम सेट कैटल शेड व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 18/06/2024 से 23/06/2024 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 24/06/2024 को 03 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

सोहनलाल
पंचायत सचिव
विकास खण्ड कड़ा
जनपद कौशाम्बी

पूनम यादव
ग्राम प्रधान शहजादपुर
विकास खण्ड कड़ा
जनपद कौशाम्बी

# नैनी ईदगाह में अदा की गई ईद उल अजहा की नमाज

### प्रशासन के साथ विशेष पुलिस बल एसपीओ टीम रही तैनात



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी कोतवाली अंतर्गत स्टेशन रोड पर स्थित ईदगाह में सुबह 7:30 बजे बड़ी संख्या में नमाजियो ने बकरीद की नमाज अदा किया।इस दौरान शांति सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रखते हुए नैनी कोतवाली की पुलिस मौके पर तैनात रही। सुरक्षा व्यवस्था को परखने के लिए एसीपी करछना एवं नैनी कोतवाली प्रभारी यशपाल सिंह फोर्स के साथ गस्त करते रहे। वहीं प्रत्येक वर्ष की भांति पुलिस उपायुक्त यमुनानगर एसीपी करछना उपजिलाधिकारी करछना एवं नैनी कोतवाली प्रभारी के आदेशानुसार एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद के निर्देश पर एसपीओ टीम के सदस्यों को जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविन्द्र एवं रामजी जायसवाल के नेतृत्व में ईदगाह के दोनों गेटों पर पुलिस प्रशासन के साथ सेवा सहयोग में मुस्तैदी से ड्यूटी पर तैनात किया गया।इस दौरान एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविन्द्र सिंह थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल रामजी जायसवाल सोनू भारतीया राजेश कुमार सुशील शर्मा संजीव कुमार रामजी गौड़ सरोज कुमार सिंह भुपेंद्र सिंह आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

## बकरीद का पर्व हर्षोल्लास में मनाया गया, मस्जिदों व ईदगाहों में अदा की गई नमाज




**कोरांव।** ईद उल अजहा बकरीद का त्योहार सोमवार 17 जून को मनाया गया, सुबह से ही ईदगाहों व मस्जिदों में नमाज निर्धारित समय पर अदा की गई और और साहिबे मुस्लिमों ने हजरत इब्राहीम की याद में जायज जानवरों की कुबार्नी पेश की। पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद दिखाई दीया ईदगाहों व मस्जिदों में विशेष व्यवस्था की गयी। बता दें कि क्षेत्र के कस्बा कोरांव नई मस्जिद के इमाम ने ईदगाह में नमाज अदा करवाई और अल्लाह के रसूल हजरत इब्राहीम की सुन्नत और कुबार्नी की फजीलत के बारे में विस्तार से समझाया। मौलाना सरफुद्दीन रिजवी ने कहा कि बकरीद का पर्व लोगों को इस बात का संदेश देता है कि हर इंसान को किसी न किसी मौके पर चाहत की कुबार्नी देनी चाहिए, जानवर की कुबार्नी देना आसान है, लेकिन चाहत की कुबार्नी देना मुश्किल है और जो चाहत की कुबार्नी देता है, वह कामयाब है। उन्होंने कहा कि इस त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनायें और कोई ऐसा काम न करें, जो दूसरों को तकलीफ पहुंचाए क्योंकि मजहबे इस्लाम में तकलीफ देकर इबादत करने को सही नहीं माना गया है और जज्बा ए कुबार्नी जिस समाज में पाया जाता है, वह समाज तरक्की करता है। हमारा हिंदुस्तान एकता का प्रतीक है और इस एकता को मजबूती प्रदान करना हर हिंदुस्तानी का फर्ज है यही कारण है कि हमारे पर्व में मुसलमान के साथ-साथ सभी भारतवासी हमारा हिस्सा बनते हैं। इसी तरह अल्हवा मस्जिद के इमाम हाफिज नदीम ने नमाज पढ़ाई और कहा कि कुरआन में अल्लाह ने फरमाया है कि इसानों को उसे माल व दौलत और संतान के नुककान से आजमाया जाएगा, इस आजमाईश से खुदा के पैगंबरो को भी गुजरना पड़ा है। सबसे बड़े इम्तिहान से पैगबर हजरत इब्राहिम गुजरे हैं और अल्लाह के हुक्म से उन्होंने पहले अपनी बीवी और अबोध बच्चे को निर्जन रेगिस्तान में अकेला छोड़ दिया, फिर बार-बार आने वाले सपने पर यकीन करके अपने बेटे तक को कुर्बान करने के लिए तैयार हो गये। अमिलीया पाल में मौलाना नूरे नजर ने नमाज अदा करवाई और अपने बयान में लोगो से कहा कि यह पर्व ही नहीं बल्कि एक संकल्प को पूरा करने का दिन भी है, ये संकल्प है सृष्टिकर्ता के सामने अपना सब कुछ अर्पित करने का, इस्लाम में दुनियावी जिंदगी की कोई अहमियत नहीं है अहम है खुदा की बंदगी और उसके प्रति पूर्ण समर्पण की भावना और उसके लिए अपना सब कुछ कुर्बान करने का जज्बा पैदा करने का। ईदगाह कोरांव, ईदगाह रामगढ़वा पहाड़ी महुली, ईदगाह कपूरी, ईदगाह बडोखर, ईदगाह हनुमानगंज, गोबरी खजुरी,, देवघाट, अल्हवा, कोसफरा, छड़गड़ा, संसारपुर, कोइलारिहा, खीरी, सेमरिहा, सीकर, सीकी कला समेत गांव की मस्जिदों में मुसलमानों ने नमाज अदा की और जायज जानवरों की कुबार्नी पेश की। थाना पुलिस कोरांव राकेश कुमार भारती दल बल के साथ मस्जिदों ईदगाहों का भ्रमण करते देखे गए जिसकी मानिटरिंग एसडीएम कोरांव अविनाश यादव ने अपने समस्त स्टाफ के साथ किया। शांति व्यवथा एवं आपसी सौहार्द भाई चारा बनाए रखने के लिए मुस्लिम बस्तियों में सर्व धर्म के सभ्रांत लोग बधाइयां देते भी देखे गए मेजबानी और मेहमानी का माहौल पूरा दिन बना रहा।

कार्यालय ग्राम पंचायत अंदावा विकास खण्ड कड़ा जनपद कौशाम्बी।

(अल्पकालिक निविदा सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अंदावा विकास खण्ड कड़ा जनपद कौशाम्बी में 15 वा केंद्रीय वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना,कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर,इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प स्ट्रीट लाइट इंटरलॉकिंग स्कूल बाउंड्री एमडीएम सेट कैटल शेड व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 18/06/2024 से 23/06/2024 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 24/06/2024 को 01 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

सोहनलाल
पंचायत सचिव
विकास खण्ड कड़ा
जनपद कौशाम्बी

एकता राज
ग्राम प्रधान अंदावा
विकास खण्ड कड़ा
जनपद कौशाम्बी

# पाकीजगी के साथ मना कुर्बानी का पर्व ईद-उल-अजहा

## नमाज पढ़कर मांगी वतन के हिफाजत की दुआ, दिन भर चलता रहा मुबारकबाद देने का सिलसिला

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कुर्बानी का पर्व ईद-उल-अजहा जिले भर में पाकीजगी भरे माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर सभी वर्ग तथा समुदाय के लोगों ने आपस में मिलकर ईद की खुशियां बांटी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर धार्मिक व सार्वजनिक स्थलों पर भारी संख्या में पुलिस और पीएसी के जवान तैनात रहे। कहीं से किसी प्रकार की अप्रिय घटना की जानकारी नहीं मिली। नमाज अदा करने के बाद कुर्बानी दिये जाने की रस्म अदा की गयी। इस दौरान नमाज पढ़कर वतन के हिफाजत की दुआएं भी की गयी।

नगर क्षेत्र में ईद-उल-अजहा की नमाज भंगवा की चुंगी स्थित अबुल कलाम मस्जिद में 5.30 बजे अदा की गई। इसी तरह पंजाबी मार्केट स्थित शेखजी मस्जिद, सदर बाजार स्थित अमीनिया मस्जिद, पल्टन बाजार स्थित चांदतारा मस्जिद, जेल रोड स्थित जामा मस्जिद, कसाई मोहल्ला स्थित अल्ला रक्खू मस्जिद, अहले हदीस मस्जिद में भी ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। इस दौरान शहर व देहात क्षेत्र में जगह-जगह ईद मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। युवा वर्ग के लोगों में ईद-उल-अजहा की खुशी ज्यादा दिखी। लोगों ने ईद-उल-अजहा की खास डिश सेवई का खुब लुत्फ उठाया। सुबह से ही ईद-उल-अजहा की खुशी हर ओर झलक रही थी। लोग नमाज पढ़ने के लिए सुबह से ही घरों से निकल पड़े। ईदगाह और शहर की मस्जिदों की ओर इक हुजूम जाता दिखा।



ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा करते नमाजी।

### मुस्लिम भाइयो में ईद को लेकर गजब का रहा उत्साह

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** ईद उल अजहा का पर्व सोमवार को मुस्लिम भाइयो ने बड़ी शान ए शौक्त् से अकीकत मंद लोगो ने मनाया सुबह ईदगाह् व मस्जिदों मे मुस्लिम भाइयो ने ईद उल अजहा की नमाज अदा किया समसुल आरफीन ने नमाज अदा कराई। सुबह से ही थाना प्रभारी धीरेन्द्र ठाकुर अपने स्टॉफ के साथ सुरक्षा ब्यवस्था का जायजा लेते रहे नमाज अदा होने के बाद मुस्लिम भाइयो ने एक दूसरे को ईद उल अजहा की मुबारक बाद दी शांति पूर्ण ढंग से त्यौहार सम्पन होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली। इस मौके पर हसन असकरी, बदरे आलम, सदस्य जिला पंचायत अनुज सोनकर, रज्जब अली, मो0 अबरार अहमद, शमीम अहमद आदि लोगो ने ईद उल अजहा की मुबारक बाद दी।

### सांसद एसपी पटेल ने लोगों से मिलकर दी ईद की मुबारकबाद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के सांसद शिवपाल सिंह पटेल (एसपी पटेल) नें प्रतापगढ़वासियों को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी है। उन्होंने कहा है कि यह पर्व ईश्वर के प्रति समर्पण त्याग एवं बलिदान को प्रेरित करता है। इससे ईश्वर के प्रति आस्था और समाज में प्रेम सहिषणुता भाईचारा एवं एकजुटता की भावना बढ़ती है। शिवपाल सिंह पटेल ने प्रतापगढ़ वासियो से परस्पर सद्भाव, एकता व भाईचारा की गौरवशाली परंपरा के अनुसार पर्व मनाने की अपील की। तत्पश्चात लोगों से गले मिलकर ईद की बधाई दी और ईद के इस मौके पर पट्टी विधानसभा के ईदगाह में लोगों से मुलाकात की और दीवानगंज बाजार, रामपुर कपा, मागूरा बाजार, नारायणपुर चौराहा, वारी काला, बहरुपुर बाजार, कलहूगंज बाजार, मुजही बाजार, सैफाबाद बाजार, दावपुर तिराहा उड़ियाडीह, तेरामील चैराहा लोगों से मुलाकात की और उनकी बात को सुनकर उनके कार्यों के बारे में तुरंत निदान करने की बात कही इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य विजय यादव पट्टी विधानसभा, अध्यक्ष आरके भीम, जावेद, रहमान अली, अब्दुल गफ्फार, समीम खान, अहमद अली संतोष यादव ,इंदर सिंह पटेल आदि लोग मौजूद रहे।



लोगों से मिलकर ईद की मुबारकबाद देते सांसद एसपी पटेल।

# कस्बे में लगे दुबई थीम मेले में अचेत होकर गिरा अधेड़, मौत

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कस्बे में लगे दुबई थीम मेले में एक अधेड़ अचेत होकर गिर गया जिसे इलाज के लिए सीएचसी पट्टी ले जाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पट्टी कस्बे में इन दिनों दुबई थीम मेले का आयोजन किया गया है। इस मेले में मजदूर राम सहाय पुत्र पृथ्वी पाल उम्र 45 वर्ष निवासी बस्ती आया हुआ था। बीती रात लगभग 11 बजे अचानक वह अचेत होकर गिर गया। मेले के उसके अन्य साथी उसे इलाज के लिए सीएचसी पट्टी ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मेले के आयोजक अजय दूबे ने बताया कि उनका मेला जहां भी लगता है उनके सभी मजदूर वहां पर एक साथ जाते हैं। पट्टी में भी लगे मेले में वह आया था जहां अचानक उसकी तबीयत खराब हुई और इलाज को ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई परिजन यहां आते उसके पहले ही फोन से उनसे बात कर एक वाहन से शव को बस्ती भेज दिया गया है, जहां उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### हाथरस हत्याकांड पर ब्राह्मण समाज आक्रोशित

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद हाथरस के जिलाध्यक्ष पंडित योगेश उपाध्याय की हत्या के विरोध में प्रतापगढ़ जिले के ब्राह्मण समाज में आकोश है। सोमवार को ब्राह्मण समाज के लोगों ने हत्याकांड की निंदा करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देकर कहा कि यदि सरकार ने इस कांड के आरोपियों पर और सख्त कार्रवाई नहीं की तो पूरे प्रदेश का ब्राह्मण सड़कों पर उतरेगा और विशाल आंदोलन किया जाएगा। सोमवार को तपती धूप के बीच अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के तत्वाधान में शोकसभा का आयोजन पट्टी तहसील मुख्यालय पर किया गया। इस दौरान परिषद के जिलाध्यक्ष बिंन्देश्वरी प्रसाद पाठक बिंदु, राकेश तिवारी, विजय पाठक, शिवाकान्त पाण्डेय, पिन्टू पाण्डेय, देवेन्द्र शुक्ला, ओम प्रकाश पाण्डेय, अम्बरीष तिवारी समेत तमाम ब्राह्मणों ने हाथरस हयाकांड की निंदा करते हुए शोक व्यक्त किया।

### बाबा घुइसरनाथ धाम में श्रद्धालुओं ने जयघोष के साथ सई माता की उतारी भव्य आरती

#### मिशन नमामि सई के तहत पौराणिक स्थली में लिया गया स्वच्छता का संकल्प

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में रविवार की देर शाम आदिगंगा सई की भव्य आरती उतारी गयी। मिशन नमामि सई के तहत श्रद्धालुओं ने महंथ मयंकभाल गिरि तथा पं. वीरेन्द्रमणि त्रिपाठी एवं आचार्य आदित्यनारायण दुबे के मंत्रोच्चारण के मध्य श्रद्धालुओं ने सई मइया का पूजन किया। शंख तथा ढोल नगाड़े व पुष्पवर्षा के बीच सई आरती में श्रद्धालु भावविभोर हो उठे दिखे। कार्यक्रम के संयोजक अनन्तकृष्ण मिश्र ने सई की स्वच्छता का श्रद्धालुओं को सामूहिक संकल्प दिलाया। महंथ मयंकभाल गिरि ने सई मइया के महात्म पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आदिगंगा सई आरती के संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने सांस्कृतिक दृष्टि से भी सई के प्रतापगढ़ जिले के भौगोलिक परिवेश को सुदृढ़ बनाये रखने में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि राणा सूबेदार सिंह चैहान ने संत महात्माओं को अंगवस्त्रम् से सम्मानित किया। इसके पहले देउम चैराहे से बाबा धाम तक मिशन नमामि सई के तहत स्वच्छता संकल्प जागरूकता यात्रा में संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र, शिवनारायण शुक्ल, सुजीत त्रिपाठी, करूणाशंकर मिश्र, शिवचरण तिवारी, अरूण पाण्डेय ने लोगों से पौराणिक स्थली को स्वच्छ बनाए रखने में योगदान का आह्वान किया। कार्यक्रम के संयोजन में चंदन तिवारी, सिद्धार्थ मिश्रा, अर्पित मिश्रा, वीरेन्द्र वर्मा, शुभम वर्मा, आदर्श वर्मा, सूरज वर्मा, अर्जुन, सुरेन्द्र, राकेश गुप्ता का सराहनीय योगदान दिखा।

# मेधावियों के लिये पुस्तकालय सबसे अधिक उपयोगी

### ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को मिलेगी सहूलियत

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आधुनिक समाज में पुस्तकालयों की अहम भूमिका होती है। इस ईकाई के अंतर्गत ज्ञानार्जन, सांस्कृतिक क्रियाकलापों, अनुसंधान एवं विकास,मनोरंजन व उत्सव आदि के साथ सूचना केंद्र की पूर्ति पुस्तकालय ही करता है।

उक्त बातें जगदीश सिंह ने सोमवार को शांति-जगदीश डिजिटल लाइब्रेरी के लोकार्पण कार्यक्रम में कही। इससे पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल सिंह व कान्ह शिक्षा निकेतन करहिया, रायबरेली के प्रधानाचार्य श्याम जी मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके सम्मुख दीप प्रज्जवलित के बाद फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुवात की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा नेता नागेश प्रताप सिंह छोटे सरकार ने कहा की ग्रामीण क्षेत्र में पुस्तकालय की स्थापना होने से अब देहात क्षेत्र के युवाओं को दूर नही जाना होगा।कार्यक्रम के मुख्य आयोजक पूर्व प्रमुख रमेश प्रताप सिंह ने डिजिटल पुस्कालय को ग्रामीण क्षेत्र की मेधा के लिए उपयोगी बताया साथ ही कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।कार्यक्रम का संचालन हरिबहादुर सिंह ने किया। इस मौके पर डब्बू सिंह, सुरेश सिंह, जगदीश सरोज, ओम प्रकाश यादव, विनोद सिंह, विनोद मिश्र, डीएम सिंह, नीतू सिंह, दीपिका सिंह, लाला सरोज, अरुण सिंह, मिठाई लाल सरोज समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



पुस्तकालय का फीता काटकर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि।

# प्रधान की मनमानी जेसीबी से कराई जा रही तालाब की खुदाई

## मनरेगा मजदूरों से तालाब की खुदाई न कराये जाने से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त

### प्रधान और जिम्मेदार अधिकारी नियम कानून की उड़ा रहे धज्जियां

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जेसीबी मशीन से तालाब की खुदाई हो रही है जिसको लेकर लोगों में आक्रोश है वहीं सरकार का फरमान है कि मनरेगा के तहत तालाब की खुदाई कराई जाए लेकिन प्रधान व संबंधित अधिकारियों की मनमानी से जेसीबी मशीन से तालाब की खुदाई हो रही है जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है।

विकासखंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के गजरिया ग्राम सभा में तालाब की खुदाई नियम कानून को ताक पर रखकर खुलेआम जेसीबी मशीन से कराया जा रहा है। जबकि शासन प्रशासन का निर्देश है कि मनरेगा के तहत मजदूरों के द्वारा तालाब की खुदाई होनी चाहिए। लेकिन प्रधान व संबंधित अधिकारियों की मिली भगत से खुले आम नियम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है। और तालाब की खुदाई जेसीबी मशीन से कराई जा रही है। जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने इस गंभीर मामले को जिले के जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट करते हुए ऐसे मनमानी भ्रष्ट प्रधान व संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी राजीव पांडेय से बात की गई तो उन्होंने बताया की मामले की जानकारी हमें नहीं है अगर जेसीबी मशीन से तालाब की खुदाई कराई जा रही है तो मामले की जांच कर प्रधान और जिम्मेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



जेसीबी से कराई जा रही तालाब की खुदाई।

### छींटाकसी से क्षुब्ध आरोपियों ने किशोर को उतारा था मौत के घाट

#### आरोपी को भेजा गया न्यायालय

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना के सेमरा निवासी किशोर हत्याकाण्ड का पुलिस ने घटना के पांचवें दिन खुलासा करने में सफलता ली है। पुलिस के मुताबिक किशोर की हत्या छीटाकसी को लेकर प्रतिशोध के चलते हुई है। वहीं उदयपुर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त बाइक तथा चाकू भी बरामद करते हुए दो आरोपियों को जेल भेज दिया है। सेमरा गांव के अखिलेश का पुत्र अजय ठेले पर बगल के कुम्भीआइमा बाजार में लाई-चना बेचा करता था। तेरह जून को ठेला के साथ घर लौटते समय बाइक सवार दो आरोपियों ने उसे अपहृत कर धारदार हथियार से हमले में मार डाला था। मृतक के पिता की तहरीर पर एक नामजद तथा दो अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। घटना के दूसरे दिन से ही पुलिस कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर हत्याकाण्ड का क्लू तलाश रही थी। एसपी के निर्देश पर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय तथा लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर खुलासे को लेकर गठित पुलिस टीमों की स्वयं मॉनिटरिंग में जुटे थे।

रविवार को देर रात उदयपुर एसओ राधे बाबू तथा थाने के दरोगा अजीत यादव व सचिन कुमार फोर्स के साथ आरोपियों की तलाश में मुखबिरी सूचना पर निकले थे। नसीरपुर के एक इंटर कालेज के समीप पुलिस ने दो संदिग्धों को देखा तो वह भागने लगे। पुलिस टीम ने आरोपियों को पीछाकर दबोच लिया। आरोपियों के निशानदेही पर अजय की हत्या में प्रयुक्त की गयी बाइक तथा चाकू भी बरामद हो गयी। पुलिसिया पूछताछ में पकड़े गये आरोपी सेमरा गांव के विकास सरोज पुत्र सोहन लाल तथा अमेठी जिले के पूरे भट्टी बेहट मुर्तजा जाय निवासी सुरेन्द्र पासी ने अपना अपराध बया किया। सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर ने बताया कि पकड़े गये आरोपी विशाल सरोज ने बताया कि तीन वर्ष पहले अजय गुप्ता का चचेरा भाई उसकी बहन को भगा ले गया था। मृतक द्वारा इसको लेकर उसके साथ आये दिन छीटाकसी की जाती थी। इसी प्रतिशोध में उसने योजना बनाकर अजय को मौत के घाट उतारने का मन बना लिया। घटना के दिन अजय गुप्ता को पकड़ा तो वह चिल्लाने लगा। इस पर दोनों ने मिलकर उसका मुंह दबा लिया और उसे अपनी बाइक पर बैठाकर पूरे भगवत गांव के पास एक ट्यूबबेल के समीप ले आया, यहां दोनों ने मिलकर चाकू से हमलाकर अजय को मौत की नींद सुला दिया। उदयपुर पुलिस ने दोनों हत्यारोपियों को रविवार को जेल भेज दिया।

# आरती के बाद देर रात निकली झांकियां देखकर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

### एसपी ने नदियों के संरक्षण व पर्यावरण बचाने की दिलाई शपथ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री गंगा दशहरा महोत्सव में देर रात तक विभिन्न प्रकार की झांकियां देख भक्तगण स्वयं नाचने लगे थे। जहां भक्तों ने दीप जलाकर मां से आशीर्वाद मांगा। वहीं पर दर्शन के बाद भक्तों के लिए आयोजन समिति ने कई प्रकार के प्रसाद की व्यवस्था की थी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने मां की महा आरती करने के उपरांत सभी मां के भक्तों को नदियों के संरक्षण एवं पर्यावरण बचाने की शपथ दिलाई और कहा कि आज से कोई भक्त यहां पर सई नदी में गंदगी के सामान नहीं डालेगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह व संयोजक रोशनलाल उमरवैश्य ने पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल सपत्नी पूजन महा आरती करने के पश्चात अंगवस्त्र एवं मां बेल्हा देवी का चित्र देकर सम्मानित किया। समिति के अध्यक्ष मुन्ना भैया ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इतनी बड़ी भीड़ की उम्मीद आयोजन समिति ने नहीं की थी। जितनी भीड़ हुई और यह आयोजन आगे भी इसी तरह होता रहेगा। कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में सई गंगा को प्रदूषण से मुक्ति मिलने के आसार बन रहे हैं। इसके लिए सभी को पुलिस अधीक्षक द्वारा दिलाई गई शपथ का भी पालन करना चाहिए जिससे मां बेल्हा देवी के घाटों को प्रदूषण से बचाया जा सके। कार्यक्रम के संयोजक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि श्री गंगा दशहरा महोत्सव का आयोजन शकुशल संपन्न हुआ। उन्होंने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक का आभार जताते हुए कहा कि उनके निर्देशन में इतनी बड़ी भीड़ को नियंत्रित करने में एडिशनल एसपी, एसडीएम सदर, एलआयू विभाग, सीओ सिटी, शहर कोतवाल व अग्निशमन आदि उनकी पूरी टीम ने बहुत मेहनत की जिससे किसी भी मां के भक्तो को कोई परेशानी नहीं हुई। समिति माननीय जिलाधिकारी महोदय व माननीय पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगणो का समिति बहुत-बहुत आभार ज्ञापित करती है।

रोशनलाल उमरवैश्य ने मीडिया परिवार का आभार जताते हुए कहा कि मीडिया की ही देन है जो इतनी संख्या में मां के भक्त बेल्हा देवी धाम पहुंचे। इसका सारा श्रेय मीडिया बांधों का है आयोजन समिति सब की भूरि भूरि प्रशंसा करती है। आए हुए सभी भक्तों का आभार जताती है। व्यवस्थापक मंगला प्रसाद रघ्घु पंडा ने सभी भक्तों का आभार जताया और कहा कि मां की कृपा सभी भक्तों पर सदा बनी रहे। महोत्सव में उपस्थित संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, परमानंद मिश्रा, शिवेश शुक्ला, सुरेश अग्रवाल, आदर्श कुमार उमरवैश्य, सूरज उमरवैश्य, आशीष कुमार, व्यवस्थापक मंगला प्रसाद रघ्घू पंडा, जग्गू पंडा, मनोज पंडा,विवेक कुमार, जगदम्बा पंडा, मोनू पंडा, अरविंद सिंह, रंगीली पंडा, दीपक सिंह, दिव्यांशु महाराज, देव शंकर मिश्र, रूद्र शुक्ला, गणेश, प्रदीप, अमन, सुरेश मास्टर, प्रमोद,प्रीति सोनी, प्रिया सोनी, खुशी पांडे, रविंद्र केसरवानी सभासद, सुरेश चंद पांडे नेताजी, आलोक पांडे, शैलेंद्र मिश्रा, आरबी सिंह, कुमकुम केसरवानी, पूनम गुप्ता, रेखा उमरवैश्य आदि हजारों की संख्या में भक्तजन ने आरती उतारी।



नदियों के संरक्षण की शपथ दिलाते एसपी सतपाल अंतिल।

### गंगा दशहरा के अवसर पर गंगा सफाई कार्यक्रम आयोजित

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** गंगा दशहरा के अवसर पर सक्षम फाउण्डेशन कालाकांकर प्रतापगढ़ द्वारा कालाकांकर गंगा घाट पर स्वच्छता कार्यक्रम के साथ जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गंगा दशहरा का पर्व होने के कारण गंगा स्नान करने वालों की भारी भीड़ सुबह से ही आना शुरू हो गयी थी। इस अवसर पर सक्षम फाउण्डेशन के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह अपने स्वयं सेवकों के साथ सुबह से ही गंगा घाट पर डटे रहे सर्वप्रथम गंगा घाट को स्वच्छ किया गया उसके उपरान्त एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए समाज सेवी डॉ विष्णु पाण्डेय ने कहा कि गंगा दशहरा हिन्दुओं के सबसे पवित्र त्योहारों में से एक है। डॉ रणजीत सिंह ने कहा कि सनातन हिन्दू धर्म में गंगा नदी को बेहद पवित्र और मोक्षदायिनी माना गया है, गंगा का जल सभी नदियों की अपेक्षा बहुत शुद्ध है। संगोष्ठी के उपरान्त गंगा घाट पर जामुन के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर डॉ रणजीत सिंह, मनीश सिंह, डॉ विष्णु कुमार पाण्डेय, लवकुष निषाद, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, बच्चा निषाद, रूप कुमार मिश्रा, राजेश कुमार, रविशंकर यादव आदि स्वयं सेवकों के साथ स्थानीय लोगों ने भी बढ़ चढ़कर श्रमदान किया।

# ईंट भट्ठे के सिक्योरिटी गार्ड का संदिग्ध दशा में मिला शव

**पत्नी ने जताया हत्या की आशंका**

अखंड भारत संदेश



**महगाव कौशाम्बी।** जिले के संदीपनघाट थाना क्षेत्र में स्थित ईंट भट्ठे पर सिक्योरिटी गार्ड का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला है शव मिलने से मजदूरों में हड़कंप मच गया मौके पर स्थानीय लोगों के साथ तमाम भट्ठा मजदूर एकत्रित हो गए सोमवार की सुबह भट्ठा मजदूरों ने सिक्योरिटी गार्ड केशव को मृत देखा तो ईंट भट्ठे के मालिक को सूचना दी,मजदूरों की सूचना पर पहुंचे ईंट भट्ठा मालिक ने इसकी सूचना परिजनो और पुलिस को दी,सूचना पर पहुंची मृतक की पत्नी ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया है,पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के सूरज ईट भट्ठा में सिक्योरिटी गार्ड का काम अधेड़ केशव प्रसाद पुत्र बाबू लाल निवासी अवाना आलम पुर थाना करारी वर्षों से कर रहे थे बीती रात ईट भट्ठे में उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है मृतक के मुंह से झाग निकला हुआ था मामले की जानकारी मंगलवार को सुबह मिली है तो मौत से हड़कंप मच गया मृतक केशव प्रसाद पिछले एक साल से सूरज भट्ठा में सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था मौके पर पहुँची मृतक की पत्नी ने हत्या की आशंका जताई है ' सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच में जुट गई है '

## ढाबे में खड़े ट्रक के अंदर मृत मिला चालक

**बिहार से सामान लेकर निकले ट्रक चालक के वाहन में सामान भी नहीं है मौजूद**

**कोखराज कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर स्थित एक ढाबे पर खड़ी ट्रक की केबिन में ट्रक चालक मृत हालत में मिला है ट्रक में सामान भी मौजूद नहीं है। संदिग्ध हालत में मौत के मामले पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतक के पास से मिले दस्तावेज के आधार पर परिवार के लोगो को सूचना भेजी है। पुलिस शव का पीएम परिवार की तहरीर के आधार पर कराएगी। बिहार के गया के अमैठा का रहने वाला संजीत कुमार पुत्र कैलाश दास पेशे से ट्रक चालक है। वह पिछले कई सालों से बिहार से समान लाद कर अन्य प्रांत में सप्लाई देने जाया करता था। सोमवार को ट्रक में सामान लेकर वह बिहार से निकला था लेकिन आगे के मामले की जानकारी कुछ नहीं मिल सकी है कोखराज क्षेत्र में ढाबे के बाहर ट्रक खाली खड़ी है केबिन के अंदर ट्रक चालक की मौत है ढाबा मालिकों का कहना है कि कोखराज प्रतापगढ़ बॉर्डर के पास स्थित राजपूत ढाबे पर वह ट्रक खड़ी कर दोपहर में आराम करने लगा। काफी देर तक ट्रक खड़ी रहने के बाद भी ट्रक में कोई हरकत नहीं हुई। स्थानीय ढाबे के लोगो ने ट्रक में झाक कर देखा तो चालक ट्रक में मृत पड़ा हुआ था। ढाबा के लोगो ने फोन कर स्थानीय पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ट्रक का केबिन खोलकर देखा और संजीत को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनो को इसकी सूचना दे दी है।

# झांसी जा रहे कार सवार डम्फर से टकराए 4 लहूलुहान

**कौशाम्बी।** कार से झांसी वापस जा रहे कार सवार सैनी थाना अंतर्गत कानपुर प्रयागराज हाइवे पर डोरमा गांव के नजदीक आगे- आगे चल रही डम्फर मे पीछे से घुस गए है जिससे कार में सवार चारों लोग घायल हो गए हादसा देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना एंबुलेंस और पुलिस को दी गई एंबुलेंस के जरिए घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है मामले की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर पुलिस भी पहुंच गई है और हादसे की जानकारी घायल के परिजनों को फोन के जरिए दे दी गई है। जानकारी के मुताबिक झांसी के रहने वाले रामजीवन मिश्रा सोमवार को बनारस से वापस चार पाहिया हुंडयी कार से झांसी जा रहे थे जैसे ही कार सवार सैनी कोतवाली क्षेत्र के डोरमा गांव के पास पहुंचे आगे आगे चल रहे डंपर में कार सवार पीछे से घुस गए हैं कार सवार डंपर को ओवरटेक करना चाहते थे लेकिन सामने से कोई तेज गति वाहन आने के चलते अनियंत्रित हो गए जिससे वह डंपर के पीछे घुस गए और हादसे में पूरा परिवार घायल हो गया दुर्घटना होते ही कार में चीख पुकार मच गई हादसा देख स्थानीय लोग और राहगीर मौके पर पहुंचे आनन- फानन मे राहगीरों ने राहत एवं बचाव कार्य करते हुए तत्काल 108 एम्बुलेंस बुलाकर चारों घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल

**दंपति सहित घायल पुत्र पुत्री को इलाज के लिए अस्पताल में कराया गया भर्ती**



सिराथू भेजा जहां से डॉक्टरों ने 108 एम्बुलेंस द्वारा ही जिला अस्पताल मंझनपुर के लिए रेफर कर दिया। चारों एक ही परिवार के हैं घायलों में नेहा उम्र 27 वर्ष पुत्री राम जीवन मिश्रा वा रजत उम्र 24 वर्ष पुत्र राम जीवन मिश्रा वा सरोज उम्र 52 वर्ष पत्नी राम जीवन मिश्रा एवं राम जीवन मिश्रा उम्र 56 वर्ष पुत्र गया प्रसाद घायल हो गए है कार सवार बनारस से झाँसी जा रहे थे।

# नगर पचांयत चरवा धमसेडा में बूदं बूदं पानी को तरस रही गरीब जनता

अखंड भारत संदेश

**बड़ी-बड़ी बात सरकार के नुमाइंदे कर रहे हैं लेकिन यहां के लोगों को पीने के लिए एक लोटा पानी नहीं मिल रहा है**



**कौशाम्बी।** नगर पंचायत चरवा के धमसेड़ा में पानी के लिए जनता परेशान दिखाई पड़ रही है पीने के पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है लेकिन सरकार के नुमाइंदे पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं कर पा रहे हैं दूर-दूर से पानी लाकर लोग प्यास बुझा रहे हैं भीषण गर्मी में एक किलो मीटर दूर से लोगो को पीने के लिए पानी लाना पडता है जिससे लोग बेचैन हो उठते हैं हैंडपंप धोखा दे चुके हैं पानी टंकी से सप्लाई नहीं हो रही है जहां सरकार घर घर नल घर घर जल योजना का गुणगान कर रही है वही 47-48 डिग्री के पारा कड़ी धूप मे पीने के पानी के लिए गांव के गरीब कमजोर भटक रहे हैं उन्हें एक लोटा पानी सरकार के नुमाइंदे नहीं उपलब्ध करा पा रहे हैं बड़ी-बड़ी बात सरकार के नुमाइंदे कर रहे हैं लेकिन यहां के लोगों को पीने के लिए एक लोटा पानी नहीं मिल रहा है गाँव वालों का कहना है कई बार नगर पचांयत चरवा के अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी से पानी के लिए कहां गया लेकिन चरवा अध्यक्ष ने एक भी नही सुनी जैसे गरीब की प्यास को अध्यक्ष जरुरी नही समझते है।

## घटिया निर्माण के चलते 2 महीने में ही टूटने लगी सीसी रोड

**कौशाम्बी** जिले में कितना गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य होता है जिसको देखना है तो नगर पालिका मंझनपुर के भेलखा आयुर्वेदिक अस्पताल को जाने वाली सीसी रोड का हाल देखकर के पता लगाया जा सकता है लेकिन अधिकारी मीटिंग में केवल निर्देश और भाषण तक सीमित रह गए हैं निर्माण की गुणवत्ता बेहद खराब हो चुकी है दो महीने पहले सीसी रोड का निर्माण कराया गया निर्माण में लाखों रुपए का भुगतान कर दिया गया लेकिन सीसी रोड बनते ही टूटने लगी है सड़क के दोनों किनारे टूट कर धंस गई है अभी बरसात भी नहीं हुई है सीसी रोड टूट जाने से लोगों को फिर आवागमन में दिक्कत होगी इतना ही नहीं सीसी रोड के किनारे पटरी की जमीन को ठेकेदार द्वारा समतल नहीं किया गया है जिससे सड़क के नीचे वाहन को उतारना मुश्किल होता है और सड़क के नीचे वाहन उतार दिया जाए तो दुर्घटना होगी घटिया सीसी रोड बनाए जाने के बाद भी ठेकेदार को नगर पालिका ने भुगतान कर दिया है जांच करने वाले कमीशन खा गए हैं आखिर कब तक योगी सरकार में भ्रष्टाचार मुक्त की बात करने के बाद भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जाता रहेगा

## गांव गांव हुई सकिपा की ग्राम मासिक बैठक

**स्थानीय स्तर पर खोली जाएं सरकारी डिजिटल लाइब्रेरी : अजय सोनी**




**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में दिनांक 15 जून को जिले के कई गांवों में ग्राम मासिक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में पार्टी के संगठन और विस्तार को लेकर पार्टीजनों ने चर्चा की। साथ ही आम जनता की समस्यायों को प्रशासन द्वारा प्रमुखता से समाधान कराने को लेकर लोगों ने सुझाव दिया। शनिवार 15 जून को समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में जिले के तमाम गांवो जैसे उदहिन बुजुर्ग, उदहिन खुर्द, बडनपुर घाटमपुर, फत्तेपूर बेला, जियापुर, पड़री, मलाक पिंजरी, देवखरपुर, सरसवा, अंधावा, पश्चिम शरीरा, अलवारा, टिकरी, महुआखाडा, मालीपुर महराजगंज, ऐडहरा, मनौरी, बथुई फदिलाबाद आदि गांवो में मासिक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में पार्टी के तमाम कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। ग्राम बडनपूर घाटमपुर में हुई मासिक बैठक में शामिल होने पहुंचे पार्टी नेता अजय सोनी ने पार्टी कार्यकताओं से वार्ता करते हुए प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन कौशांबी समेत जिले के जनप्रतिनिधियों से स्थानीय स्तर पर सरकारी डिजिटल लाइब्रेरी खुलवाने की मांग की है, ताकि युवाओं को स्थानीय स्तर पर शिक्षा का समुचित संसाधन और वातावरण मिल सके। आगे कहा कि मैं स्वयं जिला पंचायत सदस्य होने के नाते जिला पंचायत सदन की बैठक में इस मुद्दे को उठाऊंगा ताकि क्षेत्रीय स्तर पर सरकारी डिजिटल लाइब्रेरी खुल सके और युवाओं को क्षेत्रीय स्तर पर शिक्षा का समुचित संसाधन और वातावरण मिल सके। इस अवसर पर आदित्य तिवारी, डॉ राजेश सिंह, अमरनाथ लोधी, प्रह्लाद लोधी, संतोष केसरवानी, दिलीप सोनकर आदि मौजूद रहे।

## दरहा गांव के तलाब मे बूंद भर नही भराया गया पानी

**डीएम के आदेश को ठेंगा दिखा रहे ग्राम सभा दरहा एवं सचिव की शिकायत**

**कौशांबी।** तालाब में पानी भरवाने का डीएम का आदेश दरहा गांव में हवा हवाई साबित हो रहा है। कुछ दिन पहले सभी ग्राम सचिवों प्रधान को भीषण गर्मी के कारण सूख गए तालाबों में पानी भरवाने का आदेश डीएम द्वारा दिया गया था, लेकिन नेवादा ब्लाक के दरहा गांव में सूखे पड़े तालाबों में पानी नहीं भराया गया जिससे पशु - पक्षी सहित तमाम प्रकार के जीव जंतु प्यास से व्याकुल होकर पानी की तलाश में इधर - उधर भटकते हुए दिखाई देते हैं और पानी ना मिलने के कारण दम भी तोड़ देते हैं। भारी गर्मी को देखते हुए सभी गाँव के तालाबों मे पशुओं को पीने व नहाने के लिए पानी भराए जाने के लिए शासन से बजट भी मुहैया कराया गया है इसके बावजूद दरहा गांव के तलाब मे बूंद भर पानी नही भराया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव से पानी भराने के लिए बात किया तो सचिव ने यह कहकर बात को टाल दिया कि अभी बजट नही आया है बजट आ जाने के बाद देखा जाएगा। इसके बाद नेवादा खंड विकास अधिकारी से ग्रामीणों ने कहा फिर भी तालाबों में पानी नही भरा गया। कई जगह शिकायत के बावजूद तालाबों में पानी नही भरा गया इसलिए तहसील दिवस मे संबंधित अधिकारियों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर ग्रामीणों ने कार्यवाही की मांग की है।

## भीषण गर्मी के चलते नगर पंचायत चरवा में हुई चार मौत

**महगांव कौशाम्बी** चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत चरवा में बीते कई दिनों से हीट स्ट्रोक के कारण कई मौत हुई हैं। बता दें कि भीषण गर्मी के चलते नगर पंचायत चरवा में विगत 5 दिनों के अंदर चार व्यक्ति की मौत हों चुकी है सोमवार को नगर पंचायत चरवा के वार्ड नंबर 5 के ग्राम सिरसी के रहने वाले शंकर पुत्र बुदानी निवासी वार्ड नंबर 5 उम्र लगभग 55 वर्ष की मौत हुई ' दूसरी मौत सविता देवी पत्नी भैरव प्रसाद प्रजापति निवासी चरवा दक्षिण थोक उम्र लगभग 40 वर्ष की मौत हुई' तीसरी ननकी द्विवेदी पत्नी मोहनलाल निवासी ग्राम काजू उम्र 80 वर्ष की मौत हुई' चौथी ननकी देवी पत्नी श्री दशरथ लाल चौरसिया निवासी चरवा उत्तर थोक उम्र लगभग 65 वर्ष की कल खेत जाते समय दिन के 11:00 बजे अचानक मौत हो गई '

## कोडर में बिजली कटौती से मचा हाहाकार

**कौशाम्बी** जनपद मुख्यालय मंझनपुर से सटे कोडर गांव में रविवार की रात से बिजली कटौती के चलते आम जनता में हाहाकार मच गया है बिजली कटौती से लोगों को पानी की भी समस्या आ गई है जेट पंप और समरसेबल नहीं चल सके हैं गर्मी में लोग बेहाल हो गए है सोमवार की शाम तक गांव की बिजली व्यवस्था बहाल नहीं हो सकी है जिससे लोगों के सामने परेशानी दिखाई पड़ रही है प्रदेश के विद्युत मंत्री लगातार विद्युत अधिकारियों की तारीफ कर रहे है विद्युत मंत्री को भी गांव की जनता की समस्या का अंदाजा नहीं है या फिर वह विद्युत अधिकारियों का हौसला बुलंद करके आम जनता को परेशान करना चाहते हैं योगी सरकार को विद्युत मंत्री के इस बयान को ध्यान देना होगा कि प्रदेश की जनता को 24 घंटे बिजली मिल रही है जबकि विद्युत मंत्री का बयान पूरी तरह से झूठ है वह केवल अधिकारियों के बातों का समर्थन कर रहे है और विधुत अधिकारी आम जनता को परेशान कर रहे हैं आखिर विद्युत मंत्री के बयान के पीछे क्या राज है

# 20 वर्षों से बिना डॉक्टर के चल रहे दो दर्जन सरकारी अस्पताल

अखंड भारत संदेश




**कौशांबी** जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है इलाज के आभाव में मरीजों की मौत हो रही है दो दर्जन सरकारी अस्पताल में डॉक्टर नहीं पहुंच रहे हैं टिकरा भरवारी सेलरहा पश्चिम बैश कांटी सुजातपुर पश्चिम शरीरा महगाव म्योहर कादिलपुर टेवा कनैली कसेन्दा महगाव कोखराज सहित दो दर्जन सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते 20 वर्षों से बिना चिकित्सक के यह सरकारी संचालित हो रहे हैं फर्जी उपस्थिति दर्ज करके इन चिकित्सकों को वेतन भी स्वास्थ्य विभाग लगातार दे रहा है स्वास्थ्य कर्मियों के सहारे इन अस्पतालों का ताला खोल दिया जाता है लेकिन मरीजों को इलाज नहीं मिल पाता है मरीज हो हल्ला न मचा सके इसलिए मामूली मर्ज में उल्टी सीधी दवा देकर स्वास्थ्य कर्मी पीछा छुड़ा लेते हैं कुछ को आराम मिल जाता है कुछ का मर्ज बढ़ जाता है इन अस्पतालों में तैनात चिकित्सक निजी नर्सिंग होम संचालक में मस्त है चिकित्सकों का स्थानांतरण भी किया जाता है तो ऐसे स्थान पर उन्हें ड्यूटी दी जाती है जहां से उन्हें सरकारी अस्पताल में ड्यूटी ना देना पड़े यह व्यवस्था का अंग बन चुका है तो दर्जन सरकारी अस्पतालों में 20 वर्षों से ड्यूटी न देने वाले सरकारी चिकित्सकों से लगातार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय द्वारा एक निश्चित रकम की वसूली की जाती है जिससे मुख्य चिकित्सा अधिकारी ड्यूटी न देने वाले चिकित्सकों पर कार्रवाई नहीं करते हैं जबकि लगातार आम जनता चिकित्सकों की शिकायत कर रही है बार-बार जांच होती है जांच के नाम पर खुलासा भी होता है लेकिन सब कुछ लीपापोती हो रही है जिससे कौशांबी जिले की पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है लेकिन 7 वर्षों से प्रदेश में योगी सरकार के शासन के बाद भी जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने का प्रयास नहीं हुआ केवल मीटिंग और निर्देश भाषण तक अधिकारी नेता भी सीमित रह गए हैं हकीकत गांव की जनता जानती हैं लेकिन प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जनता की बात को मानने को तैयार नहीं है आखिर इसके पीछे क्या गहरा रहस्य छुपा है यह बड़ी जांच का विषय है

## न्यूज झरोखा

### अधूरे शौचालय पर निकल गया नगर पालिका से बजट



**कौशांबी** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के प्राइवेट बस स्टैंड वन विभाग के पास में यात्रियों को सहूलियत देने के लिए मूत्रालय और शौचालय का निर्माण लाखों रुपए की लागत से कराया गया है प्राइवेट बस स्टैंड में बनाए गए शौचालय में अभी तक पानी की टंकी नहीं लगाई गई है शौचालय सीट नहीं लगाई गई समरसेबल पंप नहीं चालू हो सका है पूरा शौचालय अव्यवस्था का शिकार है जिससे शौचालय यात्रियों को उपयोग में नहीं आ सका केवल दीवाल खड़ी करके रंग रोगन कर सरकारी खजाने से लाखो का बजट निकाल लिया गया है वर्षो पूर्व बनाई गई शौचालय की योजना अधूरी रह गई जिससे यात्रियों को मलमूत्र त्याग करने में दिक्कतें होती है लेकिन उसके बाद भी नगर पालिका मंझनपुर के अधिकारी प्राइवेट बस स्टैंड के शौचालय की व्यवस्था पूरी कर शौचालय मूत्रालय उपयोग लायक नहीं कर सके हैं इस तरह की योजना का क्या मतलब जिसका उपयोग न किया जा सके प्राइवेट बस स्टैंड पर मूत्रालय और शौचालय के उपयोग के लिए यात्री परेशान है महिला यात्रियों को अधिक दिक्कतें होती हैं आखिर ऐसी योजना बनाने का क्या मतलब है जिसमें बजट निकल जाए और योजना का लाभ आम जनता को ना मिल सके

### हाईटेंशन विद्युत तार के चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मृत्यु



**महगाव कौशाम्बी** नगर पंचायत चरवा वार्ड नं 15 शहीद चंद्र मणि नगर, मजरा हड़हाई में 11हजार हाईटेंशन विद्युत तार के चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मृत्यु हो गयी, जिसकी सूचना मिलने पर मोर पक्षी को सासम्मन अन्तिम संस्कार हेतु नगर पंचायत चरवा के अध्यक्ष जग नारायण पासी व वार्ड के सभासद, धर्मेन्द्र कुमार, मनीष कुमार, प्रवीन कुमार, अशोक कुमार, आदि लोगो के द्वारा अंत्येष्टि स्थल पहुँच कर अंतिम संस्कार किया गया तपन बढ़ जाने के बाद मानव के साथ-साथ पशु पक्षी भी बेहाल है शासन प्रशासन के बार-बार निर्देश के बावजूद तालाब में पानी नहीं भराया गया जिससे प्यासे पशु पक्षी पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं

### महिला की अचानक मौत हीट स्ट्रोक की जताई जा रही आशंका

**अझुवा कौशांबी** नगरपंचायत सिराथू के आंबेडकर नगर मोहल्ले में रहने वाली एक महिला की सोमवार दोपहर मौत हो गई। अचानक उसे बहुत तेज उलझन हुई थी। परिजन उसे लेकर प्रयागराज के लिए निकले, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।घटना से पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों ने मौत का कारण हीटस्ट्रोक बताया है। आंबेडकर नगर (कैथन बाग) मोहल्ले की 55 वर्षीय साधना देवी पत्नी रामबहोरी गृहिणी थीं। उनका पति पेशे से बढ़ई है। पति ने बताया कि सोमवार की दोपहर साधना को अचानक तेज गर्मी महसूस हुई और उसके बाद उलझन होने लगी। हालत बिगड़ने पर परिजन महिला को सिराथू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां प्राथमिक इलाज के बाद हालत नाजुक देख डाक्टरों ने प्रयागराज रेफर कर दिया। वहां ले जाते वक्त रास्ते में सांसें थम गईं। घटना के बाद से परिवारीजनों के आंसू थामे नहीं थम रहे हैं। बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

### हीट स्ट्रोक से बुजुर्ग व्यक्ति की चली गई जान

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा कोतवाली क्षेत्र के आषाढ़ा पेट्रोल पंप के पास हीट स्ट्रोक से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई है। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के भरसवा गांव निवासी रामप्रताप उम्र (68) वर्ष पुत्र बोडी लाल सोमवार की सुबह करारी कोतवाली के पथरा गांव में अपनी बेटी सुखपतिया के यहां से निमंत्रण खाकर वापस लौट रहा था तभी उसे तेज प्यास लगी और पेट्रोल पंप के पास दुकान में पानी पी रहा था तभी अचानक गश खाकर गिर गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह ने बताया कि बुजुर्ग व्यक्ति की हीट स्ट्रोक की वजह से मौत हुई है। सूचना पाकर मौके पर मृतक व्यक्ति के परिजन रोते - बिलखते हुए पहुंच गए। विधिक कार्यवाही के बाद स्थानीय थाना पुलिस द्वारा लाश को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया।

### ई रिक्शा में कार ने मारी टक्कर, 2 घायल

**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग अटसरई के पास तेज रफ्तार कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी जिससे 2 लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार अटसरई गांव का विनोद कुमार अग्रहरि पुत्र स्व. बब्लू ई-रिक्शा चलाता है। सोमवार की सुबह वह रिक्शा में सवारी बैठाकर सैनी से अझुवा की ओर जा रहा था। अटसराय के समीप पीछे से आई कार ने रिक्शा में टक्कर मार दी।हादसे में चालक विनोद और रिक्शे पर बैठी सवारी अनसुइया देवी निवासी रसूलपुर घायल हो गई। हादसे की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से हालत नाजुक देख डाक्टरों ने चालक को एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया।

### सरसवां ने 54 रनों से जीता उद्घाटन मैच

**कौशांबी।** सरसवां ब्लाक के सरसवां गांव में सरसवां क्रिकेट टूनामेंट का सोमवार को उद्घाटन मुकाबला सरसवां और निखोदा के बीच खेला गया। मैच का उद्घाटन प्रधानप्रतिनिधि शुभम करवरिया ने फीता काटकर किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सरसवां की टीम ने 10 ओवर 8 विकेट पर 135 रन बनाया। सरसवां की तरफ से निखिल 28 रन मनीष 24 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी निखोदा की टीम 10 ओवर में 81रन ही बना सकी।सरसवां की तरफ से कुलदीप मिश्र ने 4 विकेट लिए जिस वजह से 54 रनों से मैच जीत लिया। इस दौरान आयोजक विजय कांत पाण्डेय, नबी अहमद, शकील अहमद, गोलू तिवारी, आलोक मिश्र, सत्यम सहित आदि लोग मौजूद रहे हैं।

# धडल्ले से हरे पेड़ों को काटकर भेजा जा रहा बाहर

अखंड भारत संदेश

**हरे फलदार पेड़ का प्रतिदिन कटान चौकी पुलिस और वन विभाग के रेंज अफसर के साठगांठ में हो रहा है**



**कोखराज कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी मूरतगंज अंतर्गत सकाढा गांव और उसके आसपास के गांव में क्षेत्र के चार लकड़ी माफियाओं द्वारा तीन दर्जन मजदूरों के साथ धड़ल्ले से प्रतिदिन हरे फलदार पेड़ों को काटा जा रहा है बिना ट्रांजिट परमिट के हरे पेड़ की लड़कियां बड़े वाहनों से बाहर भेजी जा रही है एक तरफ सरकारी पेड़ की हरी लकड़ी इलाके के माफिया काट करके उसे बेच रहे हैं और वन विभाग के अधिकारी सरकारी संपत्ति की बबार्दी पर चुप्पी साधे बैठे हैं दूसरी तरफ बिना परमिट किसानों के हरे पेड़ भी काटे जा रहे हैं सरकार बृह्दद पौधारोपण की बात कर रही है लेकिन लकड़ी माफिया हरे पेड़ धड़ल्ले से काट रहे हैं और विभाग के कर्मचारी अधिकारी तमाशबीन बने हुए हैं मंगलवार को फिर मूरतगंज के सकाढा गांव से बड़े ट्रक में लकड़ी भरकर बाहर भेजी गई है लेकिन चौकी पुलिस ने भी इन लकड़ी माफियाओं पर कार्रवाई नहीं की है हरे फलदार पेड़ का प्रतिदिन कटान चौकी पुलिस और वन विभाग के रेंज अफसर के साठगांठ में हो रहा है आखिर कब तक योगी सरकार के निदेर्शों के विपरीत हरे पेड़ों का प्रतिदिन कटान बेखौफ तरीके से चलता रहेगा व्यवस्था पर तमाम सवाल खड़े हो गए हैं

## हीट वेब के प्रकोप से फसलों की सुरक्षा भूमि में जल एवं नमी संरक्षण आवश्यक

**कौशाम्बी** उप कृषि निदेशक सतेन्द्र सिंह ने किसान भाइयों को सूचित किया कि जनपद में हीट वेब के प्रकोप के कारण फसलों की सुरक्षा भूमि में जल एवं नमी संरक्षण के लिए तकनीकी संस्तुतियों व कार्ययोजना के अनुसार धान की नर्सरी के लिए ऐसे भूमिखण्ड को चुने जहाँ पर पेड़ों की छाया रहें तथा धान नर्सरी में पर्याप्त नमी रखें व पानी की उचित निकासी करें। धान की नर्सरी में प्रतिदिन सायंकाल हल्की सिंचाई अनिवार्य रूप से करें। खेत को पूरी तरह से समतल करने के उपरान्त ही सिंचाई करायें ताकि समान मात्रा में खेत में पानी आसानी से पहुॅच सकें। खेतों में सिंचाई के लिए नाली के स्थान पर पॉलीथीन सीट का प्रयोग करें, ताकि जल का दुरूपयोग न हो सकें। फसलों की बुवाई पंक्तियों में करें। खेतों में जैविक खादों का प्रयोग किया जाय व ढ़ैचा की बुवाई समय से कर दी जाय, ताकि धान की पौध तैयार होते ही हरी खाद का उपयोग किया जा सकें। किसान भाई पानी के समुचित दोहन के लिए स्प्रिंकलर एवं ड्रिप सिंचाई की विधि को अपनायें। नियमित अन्तराल पर खेतों में सायंकाल हल्की सिंचाई करें। वर्षा के बहते जल के संग्रहण की व्यवस्था करें, ताकि फसलों को विभिन्न क्रान्ति अवस्था में सिंचाई की व्यवस्था की जा सकें। उपरहार भूमियों में सिंचाई के लिए सीढ़ी नुमा (कण्टूर ट्रैंच) भू-भाग को समतल कर सिंचाई करें, ताकि भूमि कटाव व अधिक जल का दुरूपयोग न हो

## पशुपालक 30 जून तक अपने पशुओं को इयर टैग अवश्य लगवायें

**कौशाम्बी** पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालकों को उनके पशुओं की चिकित्सा सेवा, निःशुल्क बधियाकरण, टीकाकरण व कृत्रिम गभार्धान, अत्यन्त कम कीमत पर वगीर्कृत वीर्य से कृत्रिम गभार्धान, अत्यन्त कम प्रीमियम पर पशुधन बीमा आदि सुविधाओं को निरन्तर प्राप्त करने के लिए पशुओं के कान में इयर टैग लगाना और विभाग में पंजीकरण कराना अनिवार्य कर दिया गया हैं। यह जानकारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 ए0के0 सागर ने देते हुए बताया कि पशुपालकों द्वारा इयर टैग के माध्यम से प्रत्येक पशु की पहचान की जा सकती हैं। चोरी और खो जाने की स्थिति में इयर टैग से पशु स्वामी की पहचान की जा सकतीं हैं। पशुधन बीमा अत्यन्त कम प्रीमियम पर पशु बीमा का लाभ प्राप्त करने के लिए इयर टैग अनिवार्य है। भूमिहीन पशुपालकों एवं अन्य पशुपालकों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (पशुपालन घटक) की सुविधा प्राप्त करने के लिए इयर टैग अनिवार्य हैं। सरकारी सुविधाएं, पशु चिकित्सा, निःशुल्क कृत्रिम गभार्धान, निःशुल्क बधियाकरण, निःशुल्क टीकाकरण आदि सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए इयर टैग अनिवार्य है। बीमारियों कृत्रिम गभार्धान, टीकाकरण सम्बन्धी विवरण को आनलाइन भारत पशुधन एप पर सुरक्षित रखने के लिए भी ईयर टैग आवश्यक हैं। सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी सुविधाओं का सत्यापन कराने के लिए पंजीकरण और इयर टैग अनिवार्य है। किसी भी पशु को उसके इयर टैग से उसके मालिक का पता लगाने में सहायता मिलती हैं। भारत पशुधन एप पर पंजीकरण से मालिकाना हक का प्रमाण मिलता है। दूर-दराज क्षेत्रों में मोबाइल वेटिनरी सेवाओं का लाभ एवं दैवीय आपदा में पशु हानि होने पर लाभ के लिए भी इयर टैग आवश्यक है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय, पशु सेवा केन्द्र, कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्ता, वैक्सीनेटर या पैरावेट से सम्पर्क कर 30 जून 2024 से पूर्व अपने पशुओं के कान में इयर टैग अवश्य लगवा लें। उन्हांने समस्त उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी/पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया हे कि समस्त पशुपालकों को इयर टैगिंग के महत्व को बताते हुए टैगिंग के लिए प्रेरित किया जाय। पशुपालक किसी भी जानकारी के लिए अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय या पशु सेवा केन्द्र पर सम्पर्क कर सकतें हैं।

## संपादक की कलम से

# ईद मुबारक : सबकी खुशहाली की दुआ

इस लोकसभा चुनाव से पहले दलित पिछड़े एक दूसरे को शक की निगाह से देखते थे। खासतौर से विपक्ष की राजनीति में। लेकिन संघ की हिन्दुवादी विचारधारा के प्रभाव में वे दोनों भाजपा के साथ आ गए थे। मगर मोदी द्वारा सरकारी नौकरी बंद करने जहां आरक्षण के जरिए उन्हें नौकरी मिल जाती थी का बड़ा प्रभाव हुआ। उन्हें नौकरी मिलना बंद हो गई। मुसलमानों के खिलाफ जहर बोने वालों को आज सोमवार सुबह बकरीद की नमाज की दुआएं सुनना चाहिए। देश भर की हर ईदगाह, मस्जिद में मुल्क की तरक्की की दुआएं मांगी जाएंगी। हर हिन्दू-मुसलमान सभी धर्मों के लोगों के लिए उनकी सफलता की कामना, तंदरुस्ती सुख-चैन की सामूहिक प्रार्थना की जाएगी। सुबह से ड्यूटा में खड़े पुलिस वालों, व्यवस्था में लगे दूसरे अधिकारी-कर्मचारियों के भले के लिए दुआएं की जाएंगी। यह हर साल होता है। साल में केवल दो बार ईद और बकरीद पर ही नहीं। हर जुमे की नमाज में भी। जी हां, उस जुमे की नमाज में जिसके लिए देश के गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था कि-मुझे मना किया गया था कि जुमे को मत निकलें, सड़कें जाम होगीं। मुसलमानों को कटघरे में खड़ा करने का यह भी एक तरीका है। मगर खैर, उस जुमे की नमाज में भी हर हफ्ते देश के लिए देश की सारी अवाम के लिए हर बीमार के लिए बिना कोई हिन्दू-मुसलमान किए दुआ मांगी जाती है। सरकारों के पास वह सारी रिकार्डिंग पहुंच जाती है। केन्द्र और राज्य सरकार की तमाम एजेंसियां यह काम करती हैं। पिछले दस साल में आज तक किसी भी मस्जिद ईदगाह की ऐसी दुआ सरकार को नहीं मिली जिसमें केवल मुसलमानों के लिए ही दुआ मांगी जा रही हो। मगर यह सारी बातें सरकार जनता को बताती नहीं। बल्कि इसके बदले प्रधानमंत्री यह कहते हैं कि मुसलमानों को विशेष अधिकार मिल रहे हैं। और कांग्रेस आ जाएगी तो तुम्हारा सब लूट कर मुसलमानों को दे देगी। इस लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी ने जितना मुसलमानों के खिलाफ बोला उतना देश में इससे पहले किसी समुदाय के लिए पहले कभी नहीं बोला गया। इसलिए लिख रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी से प्रभावित होने वाले लोगों जिनकी संख्या तेजी से कम होती जा रही उन्हें मालूम होना चाहिए कि मुसलमान सबकी खुशहाली की दुआ मांगता है। प्रधानमंत्री ने इस चुनाव में ईसाइयों को भी नहीं छोड़ा। सन्डे की छुट्टी का सवाल उठा दिया। उधर विदेश जाते ही वहां पोप से गले मिलने लगे। भक्त बेचारे हतप्रभ हो जाते हैं। यहां ईसाइयों का विरोध और वहां ईसाइयों के सबसे बड़े गुरु पोप के गले लगना। भक्त निश्चित रूप से कम हुए हैं। इसीलिए चार सौ पार की बात करते हुए केवल 240 पर रुक गए। यहां शंकराचार्यो का भी सम्मान नहीं। वहां पोप का ऐसा सम्मान करने की कोशिश करना जैसा कोई करता नहीं। बता दें कि पोप के गले लगने की कोई परंपरा नहीं है। ईसाई उनका माथा चूमते हैं। और गैर ईसाई केवल हाथ मिलाते हैं। अन्तरराष्ट्रीय मीडिया में इस गले लगने को पोप को ज्यादा खुश करने की कोशिश बताया जा रहा है। प्रधानमंत्री का यह दोहरा रवैया अब पूरी तरह एक्सपोज हो गया है। इसीलिए उन्हें संघ के हमले का भी सामना करना पड़ा। संघ ने उन्हें अहंकारी कहते हुए हमला किया है। सही कहा है अहंकारी या खुद को सब कुछ समझने वाला ही ऐसा कर सकता है कि वह एक तरफ कुछ बोले और उसे सच समझे और दूसरी तरफ कुछ करे और उसे भी सच बताए। मेरी मर्जी! वह गाना है ना मैं चाहे ये करूं मैं चाहे वो करूं... मेरी मर्जी! यह कोई दंभ से भरा हुआ आदमी ही कर सकता है। और इस चुनाव में तो चार सौ पार के गुमान में तो उन्होंने खुद को इंसान समझना भी बंद कर दिया था। अवतारी पुरुष समझने लगे थे। साफ कहा कि मैं उपर से उतारा हुआ हूं। बायलोजिकल नहीं हूं। मतलब सामान्य भाषा में मां के पेट से पैदा नहीं। यह बात संघ को भी हजम नहीं हुई। उसके बारे में चाहे और जो भी बातें कही जाएं। उसके नेता अहंकारी नहीं है। उसके प्रभाव के कारण भाजपा के नेताओं में पहले अहंकार नहीं होता था। वाजपेयी और आडवानी जैसे बड़े नेताओं में कभी अहंकार नहीं दिखा। सुषमा स्वराज और अरुण जेटली में भी नहीं।

राजनाथ, गडकरी में भी नहीं। और इन सबने भाजपा और संघ की बहुत सेवा की है। मगर अचानक इतना ज्यादा पा गए मोदी से यह हजम नहीं हो पा रहा था। वे लगातार काम कर रहे नेताओं की तरह कुछ नहीं कह पाए थे। बल्कि एक घटना दुर्धटना ने उन्हें नेता बना दिया। गोधरा कांड से जन्मे नेता हैं वह। गोधरा के भयानक दुखद हादसे ने उन्हें मौका दे दिया। लेकिन यह राजनीति दुनिया में न पहले स्वीकार्य थी। और न अब है। अमेरिका ने उस समय वीजा देने से मना कर दिया था। और उसके बाद जो स्वीकृति दी वह महान भारत के प्रधानमंत्री को थी। देवगौड़ा को भी दी गई थी। और चौधरी चरण सिंह को भी। भारत का प्रधानमंत्री बनना अपने आप में बड़े सम्मान की सर्वोच्च सम्मान की बात है। लेकिन आप को खुद उस सम्मान के योग्य होना भी पड़ेगा। मैं जन्मा ही नहीं प्रकट हुआ हूं- कहकर आप दुनिया में अपनी नहीं महान भारत और उसके प्रधानमंत्री पद की प्रतिष्ठा कम कर रहे हैं।संघ बहुत डरा हुआ है, दबा हुआ भी मगर यह बात उसके अंदर से निकली कि अहंकार बहुत हो गया है। अब बात बदलने की कोशिश की जा रही है। दबाव है संघ के नेताओं पर मगर जो बात थी वह निकल गई। संघ की अपनी ग्रंथी है। हिन्दू-मुसलमान की। और हिन्दुओं में भी केवल सवर्ण हिन्दुओं को विश्वास योग्य समझने की। मगर इसके लिए संघ लगातार उपेक्षित होना अफोर्ड नहीं कर सकता। कांग्रेस के समय संघ के अस्तित्व पर कोई संकट नहीं आया। अब तो उसे अपनी पहचान मुश्किल में लग रही है। एक साल बाद वह सौ साल का हो रहा है। उसके लिए बड़ी बात है। मगर शताब्दी का वह उत्साह गायब है। कांग्रेस का शासन होता तब भी वह जोश में होता। मगर अपनी पार्टी के शासन को वह अपना नहीं मान पा रही। एक बार भी उसने भाजपा सरकार नहीं सुना। मोदी सरकार मोदी सरकार के अलावा कोई बात नहीं।

# शाम को एक्सरसाइज करने से ग्लूकोज का नियंत्रण होता है बेहतर : अध्ययन

इंसुलिन प्रतिरोध या टाइप 2 डायबिटीज के जोखिम वाले लोगों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है।ओबेसिटी पत्रिका में प्रकाशित नए अध्ययन के परिणामों के अनुसार, शाम को शारीरिक गतिविधि (फिजिकल एक्टिविटी) करने से ग्लूकोज रेगुलेशन (नियंत्रण) में सुधार पाया गया है, विशेष रूप से ज्यादा वजन वाले वयस्कों में। शाम को शाम 6 बजे से मध्य रात्रि 12 बजे के बीच फिजिकल एक्टिविटी करने से अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त पुरुषों और महिलाओं में ग्लूकोज नियंत्रण पर पॉजिटिव प्रभाव पड़ता है। शोधकताओं ने कहा, "दिन का आदर्श समय चुनना, ग्लूकोज चयापचय पर फिजिकल एक्टिविटी के फायदों को बढ़ाने के लिए एक उभरती हुई रणनीति प्रतीत होती है, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो इंसुलिन प्रतिरोध से ग्रस्त हैं या जिन्हें टाइप 2 फिजिकल एक्टिविटी होने का खतरा है।" स्पेन के ग्रानाडा विश्वविद्यालय (यूजीआर) के वैज्ञानिकों के अनुसार, फिजिकल एक्टिविटी का फायदा उन लोगों को अधिक होता है, जिनमें ग्लूकोज चयापचय की कुछ समस्या होती है, जैसे ग्लूकोज का उच्च स्तर या उपवास इंसुलिन प्रतिरोध आदि। परिणाम पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए समान थे। अध्ययन में कुल 186 अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त वयस्कों ने हिस्सा लिया, इनमें से 50 प्रतिशत महिलाएं थीं और उनकी औसत आयु 47 साल थी। इन प्रतिभागियों ने 14 दिनों तक एक्सेलेरोमीटर और निरंतर ग्लूकोज मॉनिटर पहना, ताकि उनकी फिजिकल एक्टिविटी और ग्लूकोज के स्तर को 24 घंटे मापा जा सके। लेखकों ने कहा, "यह जानकारी इन समूहों में एक्सरसाइज हस्तक्षेप की प्रभावशीलता में सुधार करने में महत्वपूर्ण हो सकती है। पहले इस बात की जानकारी नहीं थी कि दिन के किसी विशेष समय जैसे- सुबह, दोपहर या शाम के वक्त ज्यादा एक्टिव रहने से फिजिकल एक्टिविटी के कार्डियो-मेटाबोलिक फायदे ज्यादा हो सकते हैं या नहीं।

# भारत में लैंगिक असमानता की बढ़ती खाई

**ललित गर्ग**

विश्व आर्थिक मंच द्वारा हाल में प्रस्तुत किये गए लैंगिक अंतर के आंकड़ों ने एक ज्वलंत प्रश्न खड़ा किया है कि शिक्षा, आय, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में आधी दुनिया को उसका हक क्यों नहीं मिल पा रहा है? निस्संदेह, हमारे सत्ताधीशों को सोचना चाहिए कि लैंगिक अंतर सूचकांक में भारत 146 देशों में 129वें स्थान पर क्यों है? लगातार महिलाओं की दोयम दर्जा की स्थिति का बना रहना नीति-नियंताओं के लिये आत्ममंथन का मौका हैं। निश्चय ही यह स्थिति भारत की तरक्की के दावों से मेल नहीं खाती। इसके बावजूद उम्मीद जगाने वाला तथ्य है कि पिछले वर्ष जनप्रतिनिधि संस्थाओं में महिलाओं की एक तिहाई हिस्सेदारी को लेकर विधेयक पारित हो चुका है। इसके बावजूद हाल में सामने आए आंकड़े परेशान करने वाले हैं और तरक्की के दावों पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं। यह विचारणीय प्रश्न है कि सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक नीतियां बनाने और कायदे कानूनों में बदलाव के बावजूद लैंगिक असमानता की खाई गहरी क्यों होती जा रही है। ये स्थितियां समाज में इस मुद्दे पर खुले विमर्श की जरूरत को बताती हैं। हालिया लोकसभा चुनाव में सीमित मात्रा में महिलाओं के संसद में पहुंचने ने भी कई सवालों को जन्म दिया है। निश्चित रूप से तमाम सरकारी घोषणाओं के बावजूद जमीन पर महिला असमानता के दंश विद्यमान रहना बड़ी चुनौती है।

लैंगिक अंतर सूचकांक में पिछले साल भारत 127वें स्थान पर था, जो 2022 में 135वें स्थान से 1.4 प्रतिशत अंक और आठ पायदान ऊपर था। लेकिन इस वर्ष फिर दो पायदान ऊपर चढ़ा है। सूचकांक में भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश को 99वें, चीन को 106वें, नेपाल को 117वें, श्रीलंका को 122वें, भूटान को 124वें और पाकिस्तान को 145वें स्थान पर रखा गया है। आइसलैंड (93.5 फीसदी) फिर से पहले स्थान पर है और डेढ़ दशक से सूचकांक में सबसे आगे है। शीर्ष 10 में शेष नौ अर्थव्यवस्थाओं में से आठ ने अपने अंतर का 80 फीसदी से अधिक हिस्सा पाट लिया है। निश्चित तौर पर किसी भी समाज में पूर्ण लैंगिक समानता हासिल करने में लंबा समय लगता है, लेकिन इस दिशा में सत्ताधीशों की तरफ से ईमानदार पहल होनी चाहिए। यह भी एक हकीकत है कि दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश के आंकड़ों की तुलना दक्षिण एशिया के छोटे देशों से नहीं की जा सकती। इसमें दो राय नहीं कि पूरी दुनिया में सरकारों द्वारा लैंगिक समानता के लिये नीतियां बनाने के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं निकले हैं। जिसकी एक वजह समाज में पुरुष प्रधानता की सोच भी है। जिसके चलते यह आभास होता है कि आधी दुनिया के कल्याण के लिये बनी योजनाएं महज घोषणाओं तथा फाइलों तक सिमट कर रह जाती हैं।



भारत में महिलाओं की उपेक्षा, भेदभाव, अत्याचार एवं असमानता की स्थितियों का बना रहना विडम्बनापूर्ण हैं। भारत में रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को समान अधिकार दिलाने के स्वर तो बहुत सुनने को मिलते हैं, महिलाओं को आजादी के बाद से ही मतदान का अधिकार भी पुरुषों के बराबर दिया गया है, परन्तु यदि वास्तविक समानता की बात करें तो भारत में आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी महिलाओं की स्थिति चिन्ताजनक एवं विसंगतिपूर्ण है। हमारे सत्ताधीशों के लिये यह तथ्य विचारणीय है कि हमारे समाज में आर्थिक असमानता क्यों बढ़ रही है? हम समान कार्य के बदले महिलाओं को समान वेतन दे पाने में सफल क्यों नहीं हो पा रहे हैं? जाहिर है यह अंतर तभी खत्म होगा जब समाज में महिलाओं से भेदभाव की सोच पर विराम लगेगा। यह संतोषजनक है कि माध्यमिक शिक्षा में नामांकन में लैंगिक समानता की स्थिति सुधरी है। फिर भी महिला सशक्तीकरण की दिशा में बहुत कुछ किया जाना बाकी है। देर-सवेर महिला आरक्षण कानून का ईमानदार क्रियान्वयन समाज में बदलावकारी भूमिका निभा सकता है। जरूरत इस बात की है कि राजनीतिक नेतृत्व इस मुद्दे को अपेक्षित गंभीरता के साथ देखे।

महिलाएं ही समस्त मानव प्रजाति की धुरी हैं। वो न केवल बच्चे को जन्म देती हैं बल्कि उनका भरण-पोषण और उन्हें संस्कार भी देती हैं। महिलाएं अपने जीवन में एक साथ कई भूमिकाएं जैसे- मां, पत्नी, बहन, शिक्षक, दोस्त बहुत ही खूबसूरती के साथ निभाती हैं। बावजूद क्या कारण है कि आज भी महिला असमानता की स्थितियां बनी हुई है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये जरूरी है कि अधिक महिलाओं को रोजगार दिलाने के लिए भारत सरकार को जरूरी कदम उठाने होंगे। सरकार को अपनी लैंगिकवादी सोच को छोड़ना पड़ेगा। क्योंकि भारत सरकार के खुद के कर्मचारियों में केवल 11 प्रतिशत महिलाएं हैं। सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिये अधिक एवं नये अवसर सामने आने जरूरी है। भारत में महिला रोजगार को लेकर चिंताजनक स्थितियां हैं। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) नाम के थिंक टैंक ने बताया है कि भारत में केवल 7 प्रतिशत शहरी महिलाएं ऐसी हैं, जिनके पास रोजगार है या वे उसकी तलाश कर रही हैं। सीएमआईई के मुताबिक, महिलाओं को रोजगार देने के मामले में हमारा देश इंडोनेशिया और सऊदी अरब से भी पीछे है। रोजगार या नौकरी का जो क्षेत्र स्त्रियों के सशक्तिकरण का सबसे बड़ा जरिया रहा है, उसमें इनकी भागीदारी का अनुपात बेहद चिंताजनक हालात में पहुंच चुका है। यों जब भी किसी देश या समाज में अचानक या सुनियोजित उथल-पुथल होती है, कोई आपदा, युद्ध एवं राजनीतिक या मनुष्यजनित समस्या खड़ी होती है तो उसका सबसे ज्यादा नकारात्मक असर स्त्रियों पर पड़ता है और उन्हें ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है। दावोस में हुए वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में ऑक्सफैम ने अपनी एक रिपोर्ट ह्यटाइम टू केयरह्व में घरेलू औरतों की आर्थिक स्थितियों का खुलासा करते हुए दुनिया को चौका दिया था। वे महिलाएं जो अपने घर को संभालती हैं, परिवार का ख्याल रखती हैं, वह सुबह उठने से लेकर रात के सोने तक अनगिनत सबसे मुश्किल कामों को करती है। अगर हम यह कहें कि घर संभालना दुनिया का सबसे मुश्किल काम है तो शायद गलत नहीं होगा। दुनिया में सिर्फ यही एक ऐसा पेशा है, जिसमें 24 घंटे, सातों दिन आप काम पर रहते हैं, हर रोज क्राइसिस झेलते हैं, हर डेडलाइन को पूरा करते हैं और वह भी बिना छुट्टी के। सोचिए, इतने सारे कार्य-संपादन के बदले में वह कोई वेतन नहीं लेती। उसके परिश्रम को सामान्यतः घर का नियमित काम-काज कहकर विशेष महत्व नहीं दिया जाता। साथ ही उसके इस काम को राष्ट्र की उन्नति में योगभूत होने की संज्ञा भी नहीं मिलती। प्रश्न है कि घरेलू कामकाजी महिलाओं के श्रम का आर्थिक मूल्यांकन क्यों नहीं किया जाता? घरेलू महिलाओं के साथ यह दोगला व्यवहार क्यों?

नरेन्द्र मोदी की पहल पर निश्चित ही महिलाओं पर लगा दोयम दर्जा का लेबल हट रहा है। हिंसा एवं अत्याचार की घटनाओं में भी कमी आ रही है। बड़ी संख्या में छोटे शहरों और गांवों की लड़कियां पढ़-लिखकर देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वे उन क्षेत्रों में जा रही हैं, जहां उनके जाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। वे टैक्सी, बस, ट्रक से लेकर जेट तक चला-उड़ा रही हैं। सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा कर रही है। अपने दम पर व्यवसायी बन रही हैं। होटलों की मालिक हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लाखों रुपये की नौकरी छोड़कर स्टार्टअप शुरू कर रही हैं। वे विदेशों में पढ़कर नौकरी नहीं, अपने गांव का सुधार करना चाहती हैं। अब सिर्फ अध्यापिका, नर्स, बैंकों की नौकरी, डॉक्टर आदि बनना ही लड़कियों के क्षेत्र नहीं रहे, वे अन्य क्षेत्रों में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। स्त्री शक्ति के प्रति सम्मान भावना ही नहीं, समानता, सह-अस्तित्व एवं सौहार्द की भावना जागे, तभी उनके प्रति हो रहे अपराधों में कमी आ सकेगी और लैंगिक असमानता को दूर किया जा सकेगा। प्रेषकः

**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

# कभी अपने भी दांत गिनकर देखे इंसान

आज मै एक ऐसे विषय पर आपके सामने हूँ जो प्राय: किसी विमर्श का हिस्सा नहीं होता। आज का विषय है दांत। दन्त मनुष्य के ही नहीं अपितु तमाम स्तनपायी जानवरों का एक जरूरी और महत्वपूर्ण अंग है। इसका अपना विज्ञान है । चिकित्स्क हैं, उपचार है । कहावतें हैं ,मुहावरे हैं। मनुष्य दांतों के मामले में बहुत लापरवाह भी होता है और सजग भी । दुनिया में जब पशुओं की उम्र का पता लगाने का कोई विज्ञान नहीं था तब पशुओं के दांत गिनकर ही उनकी उम्र का पता लगाया जाता था । दांत गिनना धर्म का काम भी है और नहीं भी। आज बकरीद है इसलिए आपको बता दूँ कि इस्लाम धर्म के अनुयायी कुबार्नी के लिए बकरा खरीदते समय उसके दांत जरूर गिनते हैं ,ये एक धार्मिक बाध्यता है ,क्योंकि ऐसा माना जाता है कि केवल 1 साल के बकरे की ही कुबार्नी दी जानी चाहिए। इस वजह से यदि किसी बकरे के दो, चार या फिर छह दांत होते हैं तो ही उनकी कुबार्नी दी जाती है। न ही नवजात और न ही बुजुर्ग बकरे की कुबार्नी दी जाती है.। ऐसे में यदि किसी बकरे के दांत नहीं हैं या फिर किसी बकरे के दांत दो, चार या फिर छह से ज्यादा हैं तो उसकी कुबार्नी नहीं दी जाती । हमारे शहर ग्वालियर में एक शताब्दी पुराना पशु मेला लगता है। इस मेले में मैंने खरीदारों को गाय,बैल,भैंस,बकरी,घोड़ा यहां तक कि ऊँट के दांत गिनते देखा है। जानकार पशुओं के दांत गिनकर उनकी उम्र का अनुमान लगा लेते हैं,यानि पशु विक्रेता अपने माल की उम्र को लेकर ज्यादा ठगी नहीं कर सकता। दांत गिनना एक कला भी है और विज्ञान भी । मनुष्यों में 32 दांत होते हैं। इन्हें भी कभी गिना जाता है और कभी नहीं भी । मनुष्य के दांतों में एक दांत का नाम अक्लदाढ़ भी होता है। ये या तो निकलती नहीं है और यदि निकलती है तो बहुत कष्ट देती है। बहरहाल दांत को लेकर कहावतें हैं और मुहावरे भी । आपने ' दांत काटी रोटी ' के बारे में सुना होगा । सुना होगा कि ' जब दांत थे तब चने नहीं थे और जब दांत नहीं है तो चने हैं '। आपने सुना होगा कि – ' दान की बछिया के दांत नहीं गिने जाते '। हमारे यहां तो किसी को परास्त करने या छकाने के लिए भी जो मुहावरा है उसे 'दांत खट्टे' करना कहते हैं। एक कहावत हाथी के दांतों को लेकर भी है कि–' हाथी के दांत दिखाने के और खाने के और होते है।' दांत हाथी के और कहावत मनुष्यों के लिए बनी है। मै जिन दांतों की बात कर रहा हूँ वे बहुउदेशीय होते है। दुनिया बनाने वाले ने दांत बनाते समय ही उनका काम भी तय कर दिया था शायद इसीलिए आप ये जानकर हैरान होंगे कि दाँत का काम सिर्फ किसी चीज को पकड़ना, काटना, फाड़ना और चबाना ही नहीं है। जानवर इन दांतों से कुतरने खोदने , सँवारने और लड़ने का काम लेते हैं। दाँत, आहार को काट–पीसकर गले से उतरने योग्य बनाते हैं।खुद ईश्वर ने एक अवतार में अपने दांतों से सकल ब्रम्हांड को ऊपर उठा लिया था। जब हम विज्ञान के छात्र थे तो हमें पढ़ाया जाता था कि दाँत की दो पंक्तियाँ होती हैं,ऊपर के जबड़े के दांतों को जम्भिक या मैक्सलरी कहते हैं जबकि नीचे के जबड़े के दांत चिबुक या मैंडिब्युलर कहे जाते हैं। ऊपर का जबड़ा स्थिर यानि मेरी तरह अचल रहता है और नीचे का सचल। खोपड़ी से मैंडिबुल को बाँधनेवाली पेशियों की सहायता से यह आगे पीछे तथा ऊपर नीचे चलकर काटने की और चक्राकार गति द्वारा चबाने की, क्रिया करता है। कहते हैं कि ईश्वर ने दाँत को शरीर की सबसे मजबूत अस्थि के रूप में निर्मित किया है। अंतिम संस्कार के समय आग में तमाम अस्थियां जलकर राख भले ही हो जाएँ लेकिन दांत सुरक्षित रहते हैअन, इन्हें ही गंगा विसर्जन के लिए चुना जाता है । दांतों के प्रति सनातनियों का शृद्धा भाव इतना है कि वे इन्हें दन्त नहीं बल्कि 'फूल ' कहते हैं। यानि अस्थि संचय कि क्रिया फूल चुनना भी कही जाती है। यह क्रिया मानव जाती में श्मशान वैराग्य उतपन्न करती है।ईश्वर दांत बनाने के मामले में बड़ा ही उदार रहा। ईश्वर ने केवल मनुष्य या दूसरे स्तन पायी जीवों को ही दांत नहीं दिए बल्कि जलचरों और सरी–सर्पों को भी इस ईनाम से बक्शा। मछलियों के पास दांत हैं तो सर्पों के पास भी हैं। दांत न होते तो क्या राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर लिख पाते कि –

'क्षमा शोभती उस भुजंग को
जिसके पास गरल हो
उसको क्या जो दंतहीन
विषरहित, विनीत, सरल हो।'

दंतपंक्तियों को लेकर साहित्यकारों ने बड़ी–बड़ी उपमाएं खोजी है। अक्सर दांतों केलिए दाड़िम पंक्ति [अनार के दानों कि पंक्तियाँ ] का इस्तेमाल किया जाता है। दांतों का कथाओं से क्या रिश्ता है ,मुझे नहीं पता,किन्तु मै बचपन से दन्त कथाओं के बारे में सुनता आया हू। बहुत सी दन्त कथाएं मैंने पढ़ी भी हैं। अब तो दन्त चिकित्सा और दन्त औषधि विज्ञान अरबों –खरबों का बाजार है। कोई दन्त क्रांति बना रहा है तो किसी ने वर्षों पहले विको वज्रदंती बनाई थी । यानि यदि दुनिया में दांत न होते तो क्या ये सब मुमकिन था। इसीलिए कहा जाता है कि जब तक जिंदा रहना है तब तक मुंह में दांत और पेट में आंत सही सलामत होना चाहिए।

# संघ-भाजपा की नूरा कुश्ती

भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीच इन दिनों जो कुछ होता दिख रहा है वह केवल आंखों का धोखा है। जैसे नूरा कुश्ती या डब्ल्यूडब्ल्यूएफ में होता है, पहलवान बड़े ही सुनियोजित व परस्पर सहमति के तहत एक दूसरे पर आक्रमण करते हैं। मारने वाला जानता है कि वह नकली मार है और बचाव करने वाला भी जानता है कि वह जो कुछ कर रहा है खुद के लिये पैसे जुटाने तथा दर्शकों के मनोरंजन के लिये कर रहा है। फर्क इतना सा है कि नूरा कुश्ती मनोरंजन के लिये है जबकि संघ-भाजपा की यह छद्म लड़ाई समाज के लिये उतनी ही घातक है, जितनी दोनों के अंतसंबंध।




यह सर्वज्ञात है कि भाजपा संघ का राजनीतिक विंग है, उसका अनुषंगिक संगठन। तकरीबन 100 साल (1925) पहले स्थापित संघ ने अपनी विचारधारा को समाज के विभिन्न स्तरों पर फैलाने के लिये अलग-अलग क्षेत्रों में काम करने के लिये जो सहयोगी संगठन बनाये, उनमें ही पहले जनसंघ बनाया जो कालांतर में भाजपा बना। वही आज सबसे शक्तिशाली आकार में सामने है। 2014 से 19 एवं 2019 से 2024 तक दो बार केन्द्र की सत्ता हासिल करने वाली भाजपा ने इस दौरान न केवल देश के ज्यादातर राज्यों में अपनी सरकारें बनाईं वरन विपक्ष को भी बेहद कमजोर कर दिया। संविधान बदलने के लिये आवश्यक बड़ा बहुमत पाने से इस बार नाकाम रहना भाजपा की बड़ी हार मानी जाती है क्योंकि उसने न केवल लक्ष्य खोया वरन उसे आंध्रप्रदेश की तेलुगु देशम पार्टी तथा बिहार के जनता दल (यूनाइटेड) की मदद से अपनी सरकार बनानी पड़ी है। पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पार्टी व सरकार पर एकछत्र राज तो किया ही, यह पहली बार है कि कोई भाजपा नेता अपनी मातृसंस्था आरएसएस से भी बड़ा हो गया है।

अगले साल अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरा करने के अवसर पर बड़ा जश्न मनाने की हसरत 2024 की पराजय के कारण जरूर फीकी पड़ गई होगी। इसी मलाल के चलते शायद कुछ ऐसी बातें सामने आई हैं जिन्हें देखकर लोगों ने मान लिया कि दोनों के बीच सब कुछ ठीक-ठाक नहीं है। इस दौरान कई ऐसे मौके आये जब संघ की भाषा भाजपा के चलाये नैरेटिव से या उनके नेताओं-कार्यकताओं की सोच से अलग जाती दिखी। मसलन, महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर जब संघ प्रमुख मोहन भागवत ने गांधी को एक महान शख्सियत बतलाया और उनके भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में अभूतपूर्व योगदान को सराहा तो यह पार्टी व संघ के लाखों कार्यकताओं-स्वयंसेवकों के लिये हैरत की बात बनकर आई क्योंकि अब तक तो उन्हें इनसे नफरत करना ही सिखाया गया था। बहुत से पुराने प्रसंगों को छोड़ दें तो हाल के चुनावों के दौरान जब यह लगने लगा था कि कांग्रेस व विपक्षी गठबन्धन इंडिया मजबूत टक्कर दे रहा है और लग रहा था कि भाजपा इस बार सरकार नहीं बना पायेगी, तो भागवत समेत कई बड़े नेताओं ने यह कहना शुरू किया कि भाजपा व एनडीए (नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस) सरकार बनाती है तो संविधान नहीं बदलने जा रही। जनता में एक बड़ा डर यह था कि बहुमत से जीतने पर भाजपा-एनडीए आरक्षण समाप्त कर देंगे। होने वाले चुनावी नुकसान को भांपते हुए ही भागवत ने कहना शुरू किया कि जब तक समाज में भेदभाव मौजूद है वे आरक्षण के पक्ष में हैं। भाजपा नेताओं को तो और साफ ऐलान करना पड़ा कि न संविधान बदला जायेगा और न ही आरक्षण खत्म होगा।

बात तो वहां से उठी थी जब भाजपा के ही कई लोगों ने सार्वजनिक बयान दिये थे कि भाजपा को 370 और एनडीए को 400 सीटें इसलिये चाहिये क्योंकि संविधान बदलना है। ऐसे लोगों में अनंत हेगड़े, लल्लू सिंह, ज्योति मिर्धा, अरूण गोविल आदि थे। सवाल यह है कि भाजपा व उसके जरिये संघ की मंशा संविधान बदलने की थी ही नहीं तो इन्हें अपने बयान वापस लेने के लिये क्यों नहीं कहा गया या उनके खिलाफ पार्टी ने कार्रवाई क्यों नहीं की? दोनों के बीच रिश्तों में तब और नया मोड़ आया जब भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कह दिया था कि 'अब भाजपा बड़ा दल बन गया है और उसे संघ की जरूरत नहीं रह गई है।' उन्होंने ऐसा तब कहा था जब उनसे पूछा गया था कि इस बार के चुनाव में संघ के कार्यकर्ता भाजपा प्रत्याशियों की मदद करते नहीं दिख रहे हैं। भागवत भी कहते रहे कि संघ व भाजपा दो अलग संस्थाएं हैं। हालांकि दोनों की बातों पर कोई भरोसा करने को तैयार नहीं क्योंकि सभी जानते हैं कि दोनों का एक दूसरे के बिना काम नहीं चल सकता। संघ अब वैसा संगठन नहीं रहा जिसका थोड़े में गुजारा होता हो। उसकी बढ़ती जरूरतें तो सत्ता के जरिये ही पूरी हो सकती हैं।

सदाशयता का नया अध्याय खोलते हुए भागवत कहते हैं कि 'इस चुनाव में मयार्दाओं का पालन नहीं हुआ।' उन्होंने राजनीति में विपक्षी दलों को 'विरोधी' नहीं, 'प्रतिपक्षी' मानने पर बल दिया जो किसी भी मसले का दूसरा पहलू बतलाते हैं। सवाल यह है कि जब मोदी व भाजपा 'कांग्रेस मुक्त भारत' तथा 'विपक्ष मुक्त भारत' का नारा बुलन्द कर रहे थे तब भागवत चुप क्यों थे? सभी जानते हैं कि संघ उस विचारधारा को मानता है जिसमें विपक्ष नाम की कोई चीज न हो। वैसे संघ-भाजपा के बीच इस विवाद सद्दश्य कुछ होता देखकर विपक्ष को खुश होने की आवश्यकता नहीं है। इससे उसे कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिलने वाला और न ही वह कम से कम इसके कारण मजबूत होने जा रहा है। उसे अपनी लड़ाई जारी रखनी होगी- विभिन्न मुद्दों के साथ ही संघ-भाजपा की विचारधारा के खिलाफ भी।

# मस्जिदों में नमाज पढ़कर मांगी मुल्क के तरक्की की दुआ

## एक-दूसरे से गले मिल बकरीद की दी मुबारकबाद, पुलिस-प्रशासन की सतर्कता के मद्देनजर नहीं हुई कोई अराजकता

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले में ईद-उल-अजहा बकरीद का पर्व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाया गया। मुस्लिम भाइयों ने मस्जिदों में नमाज पढ़कर मुल्क की तरक्की-अमन की दुआ मांगी व एक-दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद दी। बकरीद के मद्देनजर जिले में पुलिस व्यवस्था सतर्क रही। कहीं पर किसी भी प्रकार की कोई अराजकता नहीं हुई।

राजापुर कस्बे के शाही मस्जिद में बकरीद की नमाज पुलिस व प्रशासन की कड़ी सुरक्षा के बीच पेश इमाम मो मोईन ने अदा कराई। देश-प्रदेश की अमन चमन को दुआ मांगी गई। सोमवार को बकरीद अजहाकी नमाज उप जिलाधिकारी प्रमोद झा, तहसीलदार रामसुधार राम, प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की मौजूदगी में शाही मस्जिद में कस्बा समेत सोतीपुरवा, मलवारा, सरधुआ, बरुआ, छीबों, बन्ना गड़वारा, रायपुर, चांदी, सुरवल



नमाज पढते मुस्लिम भाई।

आदि गांवों के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बकरीद की नमाज परम्परागत ढंग से अदा की। पैगम्बर मोहम्मद साहब से देश-प्रदेश में प्रेम, सद्भावना आपसी भाईचारा और अमन-चमन को दुआ मांगी गई। उप जिलाधिकारी प्रमोद झा व रामसुधार राम ने मुस्लिम समुदाय के लोगों के गले मिलकर बकरीद अजहा के मौके पर मुबारकबाद दिया। कहा कि ये त्योहार आपसी भाईचारा का संदेश देता है। समुदाय के लोग प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न दें। कुर्बानी दिए पशु के अवशेषों को उचित स्थान पर दफना दें।



मुस्लिम समुदाय से मिलते पुलिस अधिकारी।

मुस्लिम समुदाय के अध्यक्ष अतहर नईम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र व कस्बे के समाज के लोगों से अपील किया कि आज के दिन अल्लाह पाक ने परीक्षा लेकर बकरे की कुर्बानी स्वीकार किया था। अपने हिसाब से लोग कई प्रकार की कुर्बानियां देते हैं। तीन दिनों तक कुर्बानियों का सिलसिला जारी रहता है। अल्लाह ताला का कहना है कि धन-दौलत समाज के लिए महत्त्व नहीं रखती है, केवल अल्लाह का नाम ही सबसे बड़ा महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा कि समाज के लोग एकता व देश प्रेम के साथ रहकर कार्य करते हैं तो प्रदेश-देश तथा समाज का विकास संभव हो सकता है। किसी भी समाज के त्यौहार में एकता, सद्भावना, भाईचारा के साथ मनाया जाए तो देश में अमनचैन, खुशहाली व आतंकवाद जैसी समस्यायें समाप्त हो सकती हैं। समाज प्रगति की ओर अग्रसर होते हुए कोई भी समाज अपना विकास कर सकता है।

इस मौके पर शाबिर अली, मेराजुल हक, मो सफीक, मो शमीम, रईस अहमद, इस्लाम नईम मो वसीम, कुरेशी आबिद अली, साबिद अली, मदार कुरैशी, मो अली, मो रफीक, मो शकील, मो हारुन, महबूब अली, लाली खां, इद्दू बख्श, मेराज अहमद आदि मौजूद रहे।



भ्रमण करते एसपी।

# शान्ति बनाये रखने को एसपी ने मस्जिदों का किया भ्रमण

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक ने ईद-उल-अजहा बकरीद पर्व की नमाज के मद्देनजर कोतवाली कर्वी के ईदगाह/मस्जिदों का भ्रमण कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बकरीद पर्व की नमाज के मद्देनजर कोतवाली कर्वी में ईदगाह/मस्जिदों का भ्रमण कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया। ड्यूटी में तैनात अधिकारी/कर्मचारियों को कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये।

# पाइपलाइन में टुल्लू पम्प न लगायेः डीएम

## पानी का प्रेशर बढायें

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** संपूर्ण समाधान दिवस में करौहा के मजरा गोपीपुर में पेयजल की शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने गांव के मजरा गोपीपुर का स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर सचिव जगदीश पटेल ले बताया कि पानी का लेवल नीचे होने से कुछ हैंडपंप कार्य नहीं कर रहे। गोपीपुर मजरे में टैंकरों से नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है।

जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइपलाइन के बारे में जानकारी ली। जल जीवन के सहायक अभियंता को निर्देश दिया कि सुबह-शाम पानी की सप्लाई करायी जाये। समय-समय पर गांव का निरीक्षण



पेयजल बाबत ग्रामीणों से बात करते डीएम।

करें। ग्रामीणों से अपील किया कि कोई भी पाइपलाइन में टुल्लू पम्प न लगाये। जल जीवन मिशन के तहत पेयजल को ग्रामीणों के घरों में स्टैंड पोस्ट के साथ कनेक्शन दिये जायेंगे। पानी का प्रेशर बढ़ाया जायेगा, ताकि सभी को शुद्ध पेयजल मिल सके। मानिकपुर क्षेत्र में जल जीवन मिशन से समस्या वाले गांवों में पानी की सप्लाई कर दिया गया है। निरीक्षण दौरान एसडीएम व बीडीओ निर्देश दिया कि ग्रामीणों के साथ सामूहिक बैठक कर पानी के महत्व के बारे में समझायें। इस मौके पर एसडीएम मानिकपुर पंकज वर्मा, सीओ मऊ-मानिकपुर राजकरन सिंह, बीडीओ समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# पुलिस ने दो वारंटी दबोचे

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में पुलिस ने दो वारंटी दबोचा है।

सोमवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा श्यामदेव ने सिपाही शिंवपूजन यादव के साथ विद्युत अधिनियम की आरोपी माया देवी पत्नी भगवनादीन उर्फ भगवानदास निवासी गंगाजी रोड़ को गिरफ्तार किया। दरोगा यूटी प्रखर सिंह ने सिपाही नरेन्द्र कुमार ने खनिज अधिनियम के आरोपी ओमनाथ पुत्र रज्जन निवासी मछरिया को गिरफ्तार किया।

# गर्मी से जनजीवन प्रभावितः 48 डिग्री पहुंचा पारा

## सफाई कर्मी समेत आठ की मौत, बुखार-पेटदर्द के मरीज बढे

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। तापमान 48 डिग्री पहुंच गया है। अलग-अलग जगह आठ लोगों की तबियत खराब होने से जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम को मर्चरी भेजा है। गर्मी से बुखार, पेटदर्द, डायरिया के मरीजों की तादाद बढ़ गई है। कोतवाली कर्वी के लक्ष्मणपुरी के रमेश चंद्र बाल्मीकि ने बताया कि भाई राजा (30) नगर पालिका परिषद कर्वी में सफाई कर्मी था। ड्यूटी कलक्ट्रेट में लगी थी। अचानक तबियत खराब होने पर परिजन उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराये। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि लू लगने से उसकी मृत्यु हुई है। वह तीन भाई व तीन बहन में सबसे छोटा था। पत्नी सीमा देवी की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। परिजनों ने बताया कि घटना के बाद लेखपाल महेंद्र सिंह व मुंशी तीरथ प्रसाद आए थे। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम कराया है।

इसके अलावा मप्र उज्जैन माधवपुरा के जगदीश (50) धर्मनगरी आए थे। रविवार को सवेरे रोडवेज



अस्पताल में बैठे मरीज।

बस स्टैंड बेड़ीपुलिया के पास अचानक तबियत बिगड़ने से बेहोश होकर गिर गये। यात्रियों ने एम्बुलेंस को फोन किया। 108 एम्बुलेंस के पायलट अनिरुद्ध सिंह ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया है। भरतकूप थाना क्षेत्र के गोंडा के नाती मुकेश रैदास ने बताया कि बाबा बचैना (70) ट्रक चालक हैं। भरतकूप कस्बे में अचानक तबियत बिगड़ने पर वह बेहोश होकर गिर पड़े। राहगीरों ने सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों ने बताया कि बाबा की लू लगने से हालत खराब हो गई थी। राजापुर थाना क्षेत्र के रगौली गांव के भइयन पुत्र छत्रपाल निषाद (26) अपनी पत्नी को लेकर अंतिम संस्कार में शामिल होने को बाइक से रायपुर जा रहे थे। राजापुर कस्बे में अचानक तबियत बिगड़ गई और गश खाकर गिर गये। पत्नी ने परिजनों को जानकारी दी तो सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। रायपुर निवासी मामा सइका भैस चराकर घर आए थे। अचानक उनकी हालत खराब होने के बाद मौत हो गई। जिसकी अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए भइयन गया था। मृतक के तीन बच्चे हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। गर्मी के चलते जिला अस्पताल में बुखार, पेटदर्द व डायरिया से मरीजों की तादाद में वृद्धि हुई है। बुखार व पेटदर्द से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस को बताये बिना परिजन शव अपने घर ले गए। रविवार को नौ मरीज भर्ती हुए। रैपुरा थाना क्षेत्र के भौंरी के रामनिरंजन (80) को बुखार व पेटदर्द के चलते परिजन जिला अस्पताल ला रहे थे। जहां पर रास्ते में उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने मौत की पुष्टि की। कर्वी कोतवाली के खरौंध के बडातीर निवासी रामनारायण (85) को पुत्र शिवकुमार ने बुखार व पेटदर्द के चलते जिला अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में मौत हो गई। कर्वी कोतवाली के ट्रैफिक चैराहा के अनिल जायसवाल (58) को बुखार व पेटदर्द के चलते पत्नी संगीता देवी जिला अस्पताल ले जा रही थी। रास्ते में उनकी मौत हो चुकी थी। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

चित्रकूट में आठ लोगों की मौत से सीएमओ भूपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि ज्यादातर लोगों की जिला अस्पताल डेड बॉडी आई थी। इस समय तापमान 48 डिग्री तक पहुंच रहा है। इससे लोगों की मौत हो रही है। लोगों को लू से बचना चाहिए। जरूरी काम हो तभी घर से बाहर निकले। अन्यथा अपने घरों में रहे पानी का ज्यादा सेवन करें।

## नवविवाहित की संदिग्ध हालत में हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मऊ थाने के मंडौर गांव की रहने वाली 22 वर्षीय नवविवाहित रोशनी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मायके वालों ने ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न कर हत्या के आरोप लगाये हैं। ज्ञात है कि रोशनी की शादी 16 फरवरी 2023 को हुई थी। पांच माह पहले रोशनी ने एक बेटे को जन्म दिया था। बेटा ऑपरेशन से हुआ था। ऑपरेशन के बाद ससुरालीजन सही इलाज न करवाने से पेट में सूजन आ गई थी। इससे मृतिका को मायके छोड़ आए थे। मायके वालों ने मृतका का इलाज कराया। जब वह सही हो गई तो पुनः उसका पति विनोद निषाद ससुराल ले गया। ससुराल में जाने के छह दिन बाद उसकी मौत हो गई। मौत पर परिजनों ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। शादी को एक वर्ष हुआ है। शादी के बाद से पति दहेज की मांग करता था। उसको मारता-पिटता था। मामले में परिजनों ने मऊ थाने में रिपोर्ट लिखवा दी है।

# स्टेशन में यात्री की मौत बाद कयासों का बाजार गर्म

## जिम्मेदार पल्ला झाड़कर काट रहे किनारा

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** बागेश्वर धाम से दर्शन कर अपनी बेटी के साथ स्टेशन में पानी लेने उतरे ट्रेन यात्री की संदिग्ध हालत में मौत के बाद चार वर्ष की पुत्री अराध्या को आरपीएफ पुलिस ने लावारिश होने पर जिले के चिल्डेड्रन केन्द्र मे भेज दिया गया था। बताया गया कि देर रात मनिकपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर तीन में 32 वर्षीय ट्रेन यात्री अचेत अवस्था की सूचना पर आरपीएफ पुलिस ने आनन-फानन पर सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सोमवार को जीआरपी थाने में पहुंच पहचान की। जीआरपी थाना प्रभारी दिलीप कुमार मिश्रा ने बताया मृतक राहुल कुमार पुत्र प्रकाश शाह थाना शिवनारायणपुर भागलपुर बिहार परिजनों के साथ बागेश्वरधाम दर्शन कर रविवार को बलिया एक्सप्रेस से वापस लौट रहे थे। परिजनों ने बताया कि रविवार की शाम ट्रेन के मानिकपुर रुकने पर अपनी चार वर्षीय बेटी के साथ पानी लेने उतर गए थे। ट्रेन आगे प्रयागराज पहुंची तो परिजनों ने ट्रेन मे खोजबीन की थी। दुबारा मानिकपुर आकर राहुल कुमार की पहचान की।

थाना प्रभारी ने बताया मृतक के पहचान बाद पोस्टमार्टम को जिला अस्पताल भेजा। बेटी अराध्या को परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों ने बताया कि हार्ट की दिक्कत थी, जिसका इलाज चल रहा था। उधर, ट्रेन यात्री की मौत को लेकर वेडरों व आरपीएफ पुलिस की मारपीट से ट्रेन यात्री की मौत सोशल मीडिया मे चल रही है। मामले में प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार मिश्रा व आरपीएफ प्रभारी एसके राठी ने बताया कि स्टेशन मे ट्रेन यात्री से किसी प्रकार की मारपीट नहीं की गई। स्टेशन से सीसीटीवी कैमरे लगे रहने की बात कहकर पल्ला झाड़ रहे है।

# पारिवारिक विवाद समाप्त करकर दो परिवारों को टूटने से बचाया



विवाद सुलझाती पुलिस।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को महिला थाना पुलिस टीम ने दो पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया। सोमवार को मानिकपुर कस्बे के डाही मोहल्ला की श्रीमती रेनू देवी पत्नी सोनू ने पति सोनू व सुशीला देवी पुत्री ननकउना कन्हईपुर चकौंध अपने चाचा के विरुद्ध मारपीट बाबत महिला थाना में पत्र सौंपा। महिला थानाध्यक्ष की टीम ने शिकायतों को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को महिला थाने बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में आपस में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़े को एक-दूसरे के साथ तालमेल से पारिवारिक दायित्यों को सही से निर्वहन करने की सलाह दी। टीम में महिल थानाध्यक्ष श्रीमती सविता सरोज, महिला सिपाही दीपिका सिंह शामिल रहीं।

# अलोक ने वनस्पति विज्ञान विषय पर हासिल की पीएचडी उपाधि

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शोधार्थी आलोक कुमार पुत्र रमेश प्रसाद निवासी भगनपुर साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने वनस्पति विज्ञान विषय से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। शोधकार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण था। शोध कार्य का क्षेत्र चित्रकूट वन परिक्षेत्र रहा। जिसका क्षेत्रफल करीब 189.2 वर्ग किमी था। उन्होंने इस



आलोक सिंह।

घनघोर जंगल के अंदर जाकर घास से लेकर विशालकाय वृक्षों का अध्ययन कर यह निष्कर्ष निकाला कि एक साल में इन वनस्पतियों द्वारा कितनी कार्बनडाइ ऑक्साइड गैस भोजन के रूप में प्रयुक्त की जाती है और उनका यह शोध कार्य सफल भी रहा।

यह कार्य 2019 से लेकर 2024 तक पूर्ण हुआ। रीवा विश्वविद्यालय से आए प्रो स्कंद मिश्रा की गहन परीक्षा में खरे उतरने के बाद उनको यह उपाधि प्रदान की गई। ऐसे शोध कार्य निश्चय ही पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस कार्य में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से उनके परिवार का सहयोग सराहनीय रहा है।

# रिटायर्ड शिक्षक समेत दो की डूबने से मौत

## गोताखोर की मदद से निकाला गया शव

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सेवानिवृत्त शिक्षक की यमुना नदी में नहाते समय डूबने से मौत हो गई। शव को गोताखोर की मदद से निकाला गया। इसके अलावा एक अन्य युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई। राजापुर थाना क्षेत्र के तीरमऊ गांव के सेवानिवृत्त शिक्षक राजाराम द्विवेदी (80) गांव की यमुना नदी घाट में प्रतिदिन स्नान करने जाते थे। रविवार को सवेरे छह बजे स्नान करते समय गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। परिजन तलाश को यमुना नदी घाट स्थित पहुंचे तो घाट किनारे उनका अगौंछा रखा मिला। इससे उनकी तलाश गोताखोरों से यमुना नदी में कराई गई। शव मिलने पर परिजनों में मातम छा गया। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मृतक के भतीजे ब्रम्हदीन द्विवेदी ने घटना की जानकारी दी। जिस पर मौके पर पुलिस पहुंच कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। इसके अलावा मप्र के नयागांव थाना क्षेत्र के पथरा गांव स्थित एक युवक मंदाकिनी नदी में नहाने गया था। अचानक गहरे पानी में चले जाने पर वह डूब गया और उसकी मौत हो गई। जानकारी होने पर पुलिस ने अन्य लोगों की मदद से उसे बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

## पाकिस्तान में ईद-उल-अजहा की पूर्व संध्या पर आईईडी विस्फोट में चार नागरिकों की मौत, पांच आतंकी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में ईद-उल-अजहा की पूर्व संध्या पर रविवार को हुए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में चार नागरिकों की मौत हो गई। इसके अलावा आतंकवाद विरोधी अभियान के अंतर्गत सुरक्षाबलों ने पांच आतंकवादियों को मार गिराया। डान समाचार पत्र के अनुसार, रविवार को मध्य कुर्रम क्षेत्र में लगाए गए आईईडी विस्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। जिला पुलिस अधिकारी निसार अहमद खान ने कहा कि आईईडी सड़क के किनारे लगाया गया था। इस स्थान से यात्रियों से भरी एक कार के गुजरते समय जोरदार विस्फोट हो गया। सभी यात्री ईद-उल-



अजहा के लिए कुबार्नी का जानवर खरीदने जा रहे थे। एआरवाई न्यूज चैनल के अनुसार, सुरक्षाबलों ने खैबर पख्तूनख्वा के खैबर जिले में रविवार को पांच आतंकवादियों को मार गिराया। इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस पाकिस्तान ने कहा है कि मारे गए आतंकवादी सुरक्षा बलों पर हमलों और निर्दोष नागरिकों की हत्या में शामिल थे। इन आतंकियों के कब्जे से हथियार, गोलियां और विस्फोटक भी बरामद हुए हैं।

## पाकिस्तान में सड़क हादसा, पांच पुलिसकर्मियों की मौत

**इस्लामबाद।** पाकिस्तान में आज सवेरे हुए सड़क हादसे में पांच पुलिस कर्मचारियों की जान चली गई। यह हादसा बलूचिस्तान के लासबेला के पास क्वेटा-कराची राजमार्ग पर हुआ। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि एक कार ने पुलिस वैन को टक्कर मार दी। इससे पुलिस वैन पलट गई। हादसे में पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए।

लासबेला के एसएसपी कैप्टन (रिटायर्ड) नवीद आलम के अनुसार, दुर्घटना उथल पुलिस स्टेशन क्षेत्र में हुई। तीन पुलिसकर्मियों की मौके पर ही



मौत हो गई जबकि दो अन्य ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। घायलों को शुरूआत में उथल जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया। मारे गए पुलिसकर्मियों के शवों को उनके गृहनगर भेज दिया गया है। पुलिस वैन को टक्कर मारने वाली अज्ञात कार की तलाश की जा रही है।

बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने पुलिसकर्मियों की मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में प्रांतीय सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की दुआ की है। उधर, कराची के सचल इलाके में एक पुलिस वाहन पर हैंड ग्रेनेड हमले में कम से कम तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए।

## नेपाल : पुलिस प्रमुख बदलने के गृह मंत्री के बयान का प्रधानमंत्री ने किया विरोध

**काठमांडू।** नेपाल पुलिस के प्रमुख को बदले जाने के गृह मंत्री के बयान का प्रधानमंत्री ने विरोध किया है। गृह मंत्री के साथ पुलिस प्रमुख की अनबन की खबरों के बीच गृह मंत्री की तरफ से पुलिस प्रमुख को बदलने का बयान दिया गया था। गृह मंत्री रवि लामिछाने ने पुलिस की ट्रांसफर, पोस्टिंग और प्रोमोशन को लेकर पुलिस प्रमुख द्वारा अपनी मनमानी किए जाने का आरोप लगाया है। लामिछाने ने कहा कि गृह मंत्री मैं हूं लेकिन पुलिस के किसी भी ट्रांसफर-पोस्टिंग और प्रोमोशन में उनको ना जानकारी दी जाती है और ना ही सलाह ली जाती है। गृह मंत्री ने आरोप लगाया है कि यह सरकार कहीं और से ही संचालित हो रही है लेकिन उनके रहते यह नहीं चलने वाला है। गृह मंत्री ने कहा कि पुलिस प्रमुख को बदलने के लिए वो प्रधानमंत्री से गम्भीरतापूर्वक बात करने वाले हैं।

प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड ने कहा है कि फिलहाल पुलिस प्रमुख को नहीं बदला जाएगा। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री को ऐसे हल्के बयान देने से बचना चाहिए। सरकार का फिलहाल पुलिस प्रमुख को बदलने की कोई योजना नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस विषय पर वो गृह मंत्री से भी बात करने वाले हैं।

प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने गृह मंत्री रवि लामिछाने के रविवार को दिए उस बयान का भी खण्डन किया है जिसमें सरकार से समर्थन वापसी की चेतावनी दी गई थी। प्रचण्ड ने कहा कि वो गठबन्धन दलों के द्वारा अपनी राजनीतिक स्टंट के लिए दिए गए बयानों का कोई मतलब नहीं है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि गठबन्धन की सरकार को कोई खतरा नहीं है और यह सरकार फिलहाल निरन्तर चलने वाली है।

## खैबर-पख्तूनख्वा में टीटीपी का शीर्ष कमांडर मारा गया, कुर्रम इलाके में धमाके में चार नागरिकों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का एक शीर्ष कमांडर मारा गया। वहीं उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में अफगानिस्तान की सीमा से लगे कुर्रम इलाके में रिमोट कंट्रोल से सड़क किनारे हुए विस्फोट में एक ही परिवार के कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, टीटीपी कमांडर वलीउल्ला को बन्नू के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने प्रांत के लक्की मरवात जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान में मार गिराया। यह अभियान ताजुरी रोड पर मलंग अड्डा के पास चलाया गया, जिसके बाद हथियारबंद आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी।

एक समाचार के अनुसार सुरक्षा बलों की जवाबी गोलीबारी में वलीउल्ला मारा गया। वह टीटीपी टीपू गुल समूह का स्थानीय कमांडर था और कमांडर अतीकुर रहमान उर्फ टीपू गुल मारवात का रिश्तेदार था।

वलीउल्ला सीटीडी बन्नू, डीआई खान और स्थानीय पुलिस पर बम विस्फोटों और पुलिस और सुरक्षा बलों पर हमलों के कई मामलों में वांछित था। टीटीपी को अल-कायदा का करीबी समूह माना जाता है। इस समूह को पाकिस्तान भर में कई घातक हमलों के लिए दोषी ठहराया गया है, जिसमें 2009 में सेना मुख्यालय पर हमला, सैन्य ठिकानों पर हमले और 2008 में इस्लामाबाद के मैरियट होटल में बम विस्फोट शामिल है।

वहीं उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में रिमोट कंट्रोल से सड़क किनारे हुए विस्फोट में एक ही परिवार के कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। यह घटना अफगानिस्तान की सीमा से लगे कुर्रम इलाके में हुई। एक कबायली सरदार के वाहन को उस समय आईईडी से निशाना बनाया गया जब वह पास के बाजार जा रहा थे। मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस ने इलाके में खोजबीन अभियान शुरू कर दिया है।

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन उत्तर कोरिया की दो दिवसीय यात्रा के दौरान किम जोंग से मिलेंगे

**सियोल।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर उत्तर कोरिया पहुंचेंगे। 24 वर्षों में पुतिन की उत्तर कोरिया की पहली यात्रा है। इसकी पुष्टि दोनों देशों ने की। पुतिन उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच वार्ता सैन्य सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित होगी। दोनों देश अमेरिका के साथ अपने अलग-अलग मतभेदों के मद्देनजर अपने गठबंधन को और मजबूत कर रहे हैं। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि पुतिन किम के निमंत्रण पर मंगलवार और बुधवार को राजकीय यात्रा पर रहेंगे। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस बारे में तत्काल विस्तृत जानकारी नहीं दी। साथ ही रूस ने भी इस यात्रा की पुष्टि की। यह यात्रा एक हथियार समझौते के बारे में बढ़ती अंतरराष्ट्रीय चिंताओं के बीच हो रही है, जिसके तहत प्योंगयांग आर्थिक सहायता और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के बदले में मास्को को आवश्यक हथियार उपलब्ध करा रहा है, जिसकी यूक्रेन में पुतिन के युद्ध को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत जरूरत है।

## इजराइल-हमास संघर्ष: राफा विस्फोट में 8 इजराइली सैनिकों की मौत

**तेल अवीव:** दक्षिणी गाजा के राफा में एक भयानक विस्फोट में आठ इजराइली सैनिकों की जान चली गई. यह जनवरी के बाद से इजराइली सेना के लिए सबसे घातक घटना है. टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के हवाले से यह खबर दी गई. मारे गए सैनिकों में 23 वर्षीय कैप्टन वासेम महमूद की पहचान हो गई. वह बेत जान से कॉम्बैट इंजीनियरिंग कोर की 601वीं बटालियन में डिप्टी कंपनी कमांडर थे. शेष सात सैनिकों के नाम उनके परिवारों को सूचित किए जाने के बाद जारी किए जाएंगे.

आईडीएफ की जांच से प्राप्त प्रारंभिक निष्कर्षों से पता चलता है कि जब विस्फोट हुआ तब सैनिक नामर बख्तरबंद लड़ाकू इंजीनियरिंग वाहन (उएश) के अंदर थे. रिपोर्ट के अनुसार यह घटना सुबह करीब 5 बजे हुई. जब काफिला राफा के तेल सुल्तान इलाके में हमास के खिलाफ रात भर के हमले के बाद आराम के लिए जा रहा था.

काफिले में पांचवें या छठे वाहन के रूप में तैनात बख्तरबंद लड़ाकू



इंजीनियरिंग वाहन नामर में एक शक्तिशाली विस्फोट हुआ. यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि विस्फोट पहले से लगाए गए बम से हुआ या हमास के गुर्गों ने वाहन पर विस्फोटक उपकरण लगाया था. जांचकर्ता इस बात पर भी विचार कर रहे हैं कि क्या नामर बख्तरबंद लड़ाकू इंजीनियरिंग वाहन के बाहर एकत्र विस्फोटकों ने विस्फोट की तीव्रता को बढ़ा दिया.

आईडीएफ के अनुसार घटना के दौरान कोई गोलीबारी नहीं हुई और विस्फोट के समय वाहन गति में था. इन सैनिकों की मृत्यु के साथ ही हमास के विरुद्ध जमीनी हमले और गाजा सीमा पर अभियान के दौरान आईडीएफ के हताहतों की कुल संख्या 307 हो गई है।

टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार इस संख्या में हाल ही में बंधक बचाव अभियान में मारे गए एक पुलिस अधिकारी और संघर्ष में मारे गए एक नागरिक रक्षा मंत्रालय के ठेकेदार भी शामिल हैं.

इस त्रासदी से पहले सबसे घातक घटना जनवरी में हुई थी. उस समय हमास के आरपीजी हमले से हुए विस्फोट में 21 सैनिक मारे गए थे, जिसके परिणामस्वरूप दो इमारतें ढह गईं थी. रिपोर्ट के अनुसार आईडीएफ इस विनाशकारी नुकसान से जुड़ी परिस्थितियों की जांच जारी रखे हुए है. साथ ही अस्थिर क्षेत्रों में कार्यरत सैन्य कर्मियों के समक्ष आने वाली चुनौतियों और जोखिमों पर जोर दे रहा है।

## नेपाल की दो ई वॉलेट कंपनियों के खातों पर प्रतिबंध, सोने की तस्करी का पैसा मैनेज करने का आरोप

**काठमांडू।** नेपाल के बहुचर्चित सोना तस्करी कांड की आंच दो ई वॉलेट कंपनियों 'सजिलो पे' और 'पे वेल' तक पहुंच गई है। इन पर सोने की तस्करी का पैसा मैनेज करने का आरोप है। इस कांड की जांच कर रही नेपाल पुलिस के केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) की सिफारिश नेपाल राष्ट्र बैंक ने इन कंपनियों के सभी बैंक खातों पर रोक लगा दी गई है एक क्विंटल सोने की तस्करी की जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ में यह खुलासा हुआ है कि इन कंपनियों ने रकम को हवाला के जरिए इधर-उधर भेजा। नेपाल राष्ट्र बैंक के प्रवक्ता डॉ. गुणकर भट्ट ने दोनों कंपनियों के खाते सील कर दिए गए हैं। इन कंपनियों के निवेशकों और संचालक समिति के सदस्यों के खातों की भी जांच की जा रही है।

## नेपाल में चीनी नागरिक से छह किलोग्राम सोना और 50 लाख रुपये बरामद, गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में चीन के नागरिक सोने की तस्करी से बाज नहीं आ रहे। नेपाल पुलिस की केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने काठमांडू के कपन इलाके में सुबह छापा मारकर चीन के एक नागरिक को गिरफ्तार किया है। इसके पास से छह किलोग्राम सोना और 50 लाख रुपये नकद बरामद किया गया है।

सीआईबी प्रवक्ता हवीन्द्र बोगटी ने इसकी पुष्टि करते हुए फिलहाल चीन के इस नागरिक की पहचान बताने से इनकार कर दिया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

## नेपाल में टैंकर व्यापारियों की हड़ताल से काठमांडू के अधिकांश पेट्रोल पम्प बन्द

**काठमांडू।** पेट्रोलियम पदार्थ ढोने वाले टैंकर व्यवसायियों के हड़ताल की वजह से राजधानी के अधिकांश पेट्रोल पम्प बन्द हो गए हैं। शहर में सरकारी डिपो पर पेट्रोल, डीजल लेने वालों की लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में कमी आने के कारण कमीशन भी कम होने की वजह से टैंकर मालिकों ने हड़ताल कर दी है। इसके कारण काठमांडू में पेट्रोलियम पदार्थों की ढुलाई करने वाले टैंकरों ने डिपो से तेल लेकर पेट्रोल पम्पों तक पहुंचाना बन्द कर दिया है। पिछले शनिवार से ही पेट्रोल डीजल की ढुलाई बन्द होने से सोमवार सुबह तक राजधानी के सभी निजी पेट्रोल पम्प बन्द हो गए हैं। थानकोट डिपो से सिर्फ सरकारी पेट्रोल पम्पों को ही सप्लाई की जा रही है।

राजधानी काठमांडू में नेपाली सेना, नेपाल पुलिस और सशस्त्र प्रहरी बल का अपना एक एक पेट्रोल पम्प है। इसके अलावा एक साझा पेट्रोल पम्प है, जिसे महानगरपालिका संचालित करती है। इस समय राजधानी के इन चारों पम्पों में तेल लेने वाली गाड़ियों की लम्बी कतारें देखने को मिल रही हैं। हड़ताल खत्म करने के लिए आपूर्ति मंत्रालय और टैंकर व्यवसायियों के बीच आज वार्ता होने की संभावना है।

## रूसी सुरक्षा बलों ने हिरासत केंद्र से दो बंधक कर्मियों को छुड़ाया, इस्लामी आतंकी समूह से जुड़े आरोपित ढेर

**मॉस्को।** रूसी सुरक्षा बलों ने रविवार को दक्षिणी रूस में एक हिरासत केंद्र पर धावा बोला कर दो कर्मचारियों को बंधक बनाने वाले इस्लामी आतंकवादी समूहों से जुड़े आरोपितों को मार गिराया। घटनास्थल पर मौजूद पत्रकारों ने गोलीबारी की आवाजें सुनीं जबकि सोशल मीडिया पर फुटेज में जेल में कई एम्बुलेंस आती दिखाई दीं। रूस की संघीय कारागार सेवा ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि रोस्तोव-ऑन-डॉन में सुनवाई से पहले हिरासत केंद्र में रखे गये लोगों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। उसने कहा कि बंधक बनाने वाले कुछ लोग मारे गए हैं। हालांकि कोई और जानकारी नहीं दी गयी। आरटी सहित कई स्थानीय समाचार चैनलों ने खबर दी कि कम से कम कुछ कैदी मारे गये हैं। इससे पहले सरकारी समाचार एजेंसी ह्यतासह्ल ने कानून प्रवर्तन से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि रोस्तोव क्षेत्र के हिरासत केंद्र नंबर एक में बंधक बनाने वाले छह लोग थे और उनके पास चाकू और अन्य हथियार थे। इनमें इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े होने के आरोपित भी शामिल हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई तस्वीरों में कम से कम दो बंधकों को इस्लामिक स्टेट के झंडे जैसा दिखने वाला पट्टा सर पर बांधे दिखाया गया है। अन्य तस्वीरों में उनको चाकू चलाते हुए दिखाया गया है। आरटी की खबर के अनुसार, बंधक बनाने वालों में से तीन को आतंकवाद के मामलों में पहले ही सजा सुनाई गयी थी।

## सऊदी अरब में हीट स्ट्रोक से 14 हज यात्रियों की मौत

**काहिरा।** सऊदी अरब में चिलमिलाती गर्मी हज यात्रियों के लिए चुनौती साबित हो रही है। हज के दौरान पारा 47 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तक पहुंच गया है। इससे खासतौर पर बुजुर्गों के लिए मुश्किलें बढ़ गई है। मक्का में भीषण गर्मी के कारण 6 लोगों की मौत हो चुकी है। ताजा जानकारी के अनुसार, हज यात्रा के दौरान 14 जॉर्डनियों की मौत हो गई है और 17 अन्य लापता हैं।

इसकी जानकारी जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में दी है। इससे पहले जॉर्डन में विदेश मामलों और प्रवासियों के मंत्रालय ने पहले माउंट अराफात पर हीट स्ट्रोक के कारण छह जॉर्डन नागरिकों की मौत की पुष्टि की थी।


**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।


## पीएम नेतन्याहू ने इजराइली युद्ध मंत्रिमंडल को किया भंग

**तेल अवीव** : इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को अपने युद्ध मंत्रिमंडल को भंग कर दिया. प्रधानमंत्री की प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि की. गाजा में युद्ध संचालन के लिए प्रमुख राजनीतिक निर्णय लेने वाली संस्था को प्रभावशाली विपक्षी नेता बेनी गैंट्ज के हटने के एक सप्ताह से भी कम समय बाद भंग किया गया है. इसका गठन पिछले सात सात अक्टूबर के हमास के हमलों के बाद किया गया था.

नेतन्याहू की प्रवक्ता ने सोमवार को इस खबर की पुष्टि की. हमास हमले के बाद राजनीतिक एकता प्रदर्शित करने के प्रयास में मंत्रिमंडल का गठन किया गया था. नेतन्याहू की



सरकार में दक्षिणपंथी और धार्मिक दल शामिल हैं. लेकिन युद्ध मंत्रिमंडल में प्रमुख विपक्षी नेता गैंट्ज भी शामिल थे. युद्ध समाप्त होने के बाद गाजा की स्थिति के बारे में मतभेद होने पर पिछले सप्ताह गैंट्ज, एक पूर्व जनरल और रक्षा मंत्री ने मंत्रिमंडल से हटने की घोषणा की थी.

युद्ध मंत्रिमंडल के एक पर्यवेक्षक सदस्य, गादी ईसेनकोट ने भी इस्तीफा दे दिया था. इससे मंत्रिमंडल के भंग होने की संभावना बढ़ गई थी. उधर, राफा में शनिवार को इजराइल के आठ सैनिकों की मौत की जांच जारी है. इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा में एक इजराइली बख्तरबंद वाहन पर हमले में एंटी-टैंक मिसाइल से हमला किया गया. हमले में आठ सैनिक मारे गए. यह घटना आठ महीने से अधिक समय पहले युद्ध की शुरूआत के बाद से आईडीएफ के लिए सबसे गंभीर घटनाओं में से एक है. समाचार पत्र इजराइल हायोम के मुताबिक प्रारंभिक जांच से पता चला है कि बख्तरबंद वाहन का एक दरवाजा खुला था. इसके चलते उसमें सवार सैनिक मारे गए.

## यूक्रेन को नाटो सहयोगियों के रक्षा व्यय लक्ष्य हासिल करने की उम्मीद

**वाशिंगटन।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध और विश्वव्यापी चिंता के बीच यूक्रेन को नाटो से बड़े मदद हासिल करने की उम्मीद है। नाटो महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग ने सोमवार को कहा कि इस वर्ष 20 से अधिक नाटो सदस्य देशों द्वारा पश्चिमी सैन्य गठबंधन के रक्षा व्यय लक्ष्य को प्राप्त करने की उम्मीद है। वाशिंगटन के विल्सन सेंटर में एक वार्ता के दौरान स्टोल्टेनबर्ग द्वारा घोषित अनुमानित आंकड़ा, गठबंधन के रक्षा व्यय दिशानिर्देश को पूरा करने वाले 32 नाटो सदस्य देशों की श्रेणी में 2021 की तुलना में लगभग चार गुना वृद्धि दशार्ता है।